CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C

नई दिल्ली, रविवार 26 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 204 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को लेकर एलआईसी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल**
पेज 2



**सिडनी में रोहित का शतक व कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत**
खेल टाइम्स



**पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार: जॉन किरियाकू**
पेज 11



**अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी**
बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### साराभाई वर्सेस साराभाई फेम एक्टर सतीश शाह का निधन



**मुंबई।** साराभाई वर्सेस साराभाई फेम अभिनेता सतीश शाह का निधन हो गया है। भारतीय फिल्म निर्माता और निर्देशक अशोक पंडित ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि अभिनेता इस दुनिया में नहीं रहे। शनिवार दोपहर किडनी फेलियर के चलते उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। सतीश शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए थे। वो काफी समय से न तो किसी पब्लिक इवेंट में नजर आए थे और न ही किसी फिल्म में। साल 2014 में उनकी आखिरी फिल्म 'हमशक्ल' रिलीज हुई थी।

### कुर्नूल बस हादसा: 234 स्मार्ट फोन में ब्लास्ट से भड़की आग, दो गिरफ्तार

**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में हुए बस हादसे में एक नया खुलासा हुआ है। शुक्रवार सुबह जिस बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर मौत हुई, उसमें 234 स्मार्टफोन रखे हुए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फोरेंसिक टीम का कहना है कि इन फोन की बैटरी में ब्लास्ट के कारण ही आग तेजी से भड़की, जिससे यात्रियों को बचने का मौका नहीं मिला। इधर, कुर्नूल पुलिस ने हादसे के बाद भागे ड्राइवर मिरियाला लक्ष्मैया और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है।

### डाक्टर आत्महत्या केस: मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा में फलटण के होटल में सुसाइड करने वाली डाक्टर के सुसाइड केस में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने डाक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रश्रूांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है। डाक्टर ने 23 अक्टूबर को सुसाइड किया था। उसने अपने हाथ पर लिखे नोट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है।

## डबल इंजन सरकार की 12000 ट्रेनों की व्यवस्था हुई बेपटरी: राहुल

■ कहा: त्योहारी सीजन में ठसाठस भरी ट्रेनों में सफर कर रहे यात्री

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि रेल मंत्री ने त्योहारी सीजन में 12000 विशेष ट्रेनें चलाने की बात कही थी, लेकिन ठसाठस भरी और अमानवीय सफर ने डबल इंजन सरकार की पोल खोल कर रख दी है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार के लोगों के लिए त्योहारी सीजन में घर लौटना, परिवार और गांव से अपनेपन की लालसा का प्रतीक है, लेकिन उनके लिए अपने घर जाना एक बड़ा संघर्ष बन गया है। बिहार जाने वाली हर रेलगाड़ी में क्षमता से दो गुना लोग ठूंस-ठूंस कर भेजे जा रहे हैं। घर जाने की है यह यात्रा एक तरह से अमानवीय यात्रा हो गई है और 12 000 स्पेशल ट्रेन चलाने की डबल इंजन सरकार के दावे खोखले साबित हो गए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि त्योहारों का महीना है-दिवाली, भाईदूज, छठ। बिहार में इन त्योहारों का मतलब सिर्फ आस्था नहीं, घर लौटने की लालसा है।

# मेरठ में 35 साल पुराने कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के 10 माह बाद की गई कार्रवाई




**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के शास्त्रीनगर स्थित लगभग 35 वर्ष पुराने सेंट्रल मार्केट (व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स) को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपने वर्षों पुराने कारोबार को मिट्टी में मिलते देख फूट-फूटकर रो पड़े। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था तथा पूरे इलाके की निगरानी ड्रोन के माध्यम से की गई। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 17 दिसम्बर 2024 को आदेश जारी कर सेंट्रल मार्केट स्थित इस आवासीय भूखंड पर बने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को तीन माह के भीतर खाली कराने और उसके बाद दो सप्ताह में गिराने का निर्देश दिया था। हालांकि यह कार्रवाई निर्धारित समय से लगभग दस माह बाद पूरी की गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कॉम्प्लेक्स के 22 दुकानदारों को गत शुक्रवार रात ही दुकानें खाली करने का निर्देश दिया गया था। यह भूमि वर्ष 1986 में आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित की गई थी, लेकिन समय के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

# रूस ने नाकाम की मोदी की हत्या की साजिश!

## अमेरिकी अधिकारी जैक्सन की रहस्यमयी मौत से जोड़ा जा रहा कनेक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों ने संदेह और बढ़ाया
■ ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में आशंका

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन के तियानजिन में एससीओ बैठक के बाद एक साथ एक ही कार में सफर करते देखे गए थे। इस तस्वीर पर उस वक्त खूब चर्चा हुई, लेकिन अब इससे जुड़ा हुआ एक बड़ा दावा किया गया है।

दरअसल, इसी दिन बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अमेरिकी विशेष बल के अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी स्थिति में मौत हुई थी। इस मौत ने कई अटकलों को जन्म दिया है। अमेरिका और उसकी खुफिया शाखा, सीआईए दुनिया भर में अपने कुख्यात कृत्यों के लिए जानी जाती है। ये माना जा रहा है कि बांग्लादेश और नेपाल में हाल ही में हुई शासन अस्थिरता तक, यह एक खुला रहस्य है कि दक्षिण एशिया में राजनीतिक नाटक के पीछे वास्तव में सीआईए का गुप्त हाथ है। टेरेंस अर्वेल जैक्सन नाम के एक अमेरिकी विशेष बल अधिकारी 31 अगस्त 2025 को बांग्लादेश की राजधानी ढाका के एक होटल में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में कोई बाहरी चोट नहीं मिली और मौत को प्राकृतिक बताया गया। खास बात ये है कि शव का पोस्टमार्टम किए बिना ही अमेरिकी दूतावास को सौंप दिया गया। जैक्सन अमेरिकी सेना की प्रथम विशेष बल कमान (एयरबोर्न) इकाई से जुड़े थे और पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में मौजूद थे। बताया गया कि वह किसी बिजनेस ट्रिप पर थे, पर उनके असली उद्देश्य पर सवाल उठे हैं। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी विशेष बल अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमयी मौत की ताजा घटना ने दक्षिण एशिया, खासकर भारत के आसपास, अमेरिकी खुफिया कार्रवाइयों को लेकर संदेह और बढ़ा दिया है। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी की मौत ने इस आशंका को और बल दिया है कि क्या अमेरिकी अधिकारी को भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के -शेष पृष्ठ दो पर

## पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करे पाकिस्तान

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पड़ोसी देश को लताड़ा

■ भारतीय प्रतिनिधि हरीश ने पीओके का मुद्दा जोर-शोर से उठाया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की मुद्दा जोर-शोर से उठाया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में मानवाधिकार उल्लंघन बंद करना चाहिए, खासकर जम्मू-कश्मीर के इलाकों में।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। बीते दिनों ही पीओके में बुनियादी मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिन्हें पाकिस्तान की सेना ने बेरहमी से कुचला था और इस दौरान कई लोगों की जान गई थी। भारतीय राजदूत पी. हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 80वें यूएन दिवस के अवसर पर हुई खुली बहस के दौरान अपने बयान में कहा कि हम मांग करते हैं कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में जारी मानवाधिकार उल्लंघन को बंद करे। वहां जनता पाकिस्तानी सेना के कब्जे, शोषण, निर्दयता और प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुलकर विद्रोह कर रही है। पी. हरीश ने जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा।

# पाक ने मध्य-दक्षिणी एयरस्पेस बंद किया, उड़ानों पर लगाई रोक




पाकिस्तान की कार्रवाई को भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देखा जा रहा

सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल सर क्रीक के पास, पाक सीमा से सटे इलाके में आयोजित होगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' के पहले मध्य और दक्षिणी हवाई क्षेत्र को 28 और 29 अक्टूबर को बंद करने का फैसला किया। शनिवार को जारी नोटाम (नोटिस टू एयरमैन) के अनुसार, दो दिन हवाई मार्ग उपलब्ध नहीं रहेंगे और उड़ानों पर रोक रहेगी।

हालांकि, पाकिस्तान ने इस कदम के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी सैन्य अभ्यास या हथियार परीक्षण से जुड़ा हो सकता है। वहीं, जानकार इसे सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देख रहे हैं। यह अभ्यास सर क्रीक के पास, यानी पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके में होगा। रक्षा विश्लेषक डेमियन सायमोन ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से बताया कि इस अभ्यास का दायरा 28 हजार फीट ऊंचाई तक फैला होगा। जो हाल के वर्षों में सबसे बड़े सैन्य अभियानों में से एक है। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में जाइंट एक्सरसाइज करेंगे। एक्सरसाइज की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी, जो 10 नवम्बर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान बॉर्डर कुछ एरिया में कामर्शियल फ्लाइट्स के रूट में बदलाव भी हो सकता है। एक्सरसाइज जैसलमेर के एरिया से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात दौरे के दौरान सर क्रीक सीमा विवाद की चर्चा की थी इसके जरिए पश्चिमी एयर कॉरिडोर में उड़ानों के लिए चेतावनी दी गई है। इस दौरान कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए इस एरिया के रूट में बदलाव हो सकता है। हाल ही में पश्चिमी सीमा पर हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों और घुसपैठ की कोशिशें बढ़ी हैं। इसलिए इस एक्सरसाइज में विशेष रूप से काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार बाधा (जैमिंग) और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी मॉडर्न तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा वायुसेना प्रिंसिशन स्ट्राइक, एयर डिफेंस इंटरसेप्शन और मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर विशेष ध्यान देगी।

### पक्षी से टकराया एयर इंडिया का विमान

**नागपुर।** एयर इंडिया की नागपुर से दिल्ली जाने वाली उड़ान एआई-466 एक पक्षी से टकरा गई, जिसके बाद एहतियात के तौर पर विमान को मान संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत नागपुर हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया गया।

# दिल्ली में AQI लेवल 400 पार

## अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े, दिवाली के बाद से दिल्ली-NCR में प्रदूषण बढ़ रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ डाक्टर्स की सलाह- मास्क लगाकर निकलें

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है।

कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है। इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। डाक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है। उधर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल। आईएमडी का कहना है बंगाल की खाड़ी में बना दबाव क्षेत्र तूफान में बदल जाएगा, जिसमें 110 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। इधर, हिमाचल के लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान गिरकर माइनस 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। मैदानी राज्यों में से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तापमान में गिरावट जारी है। शनिवार सुबह यूपी के वाराणसी में गंगा के घाटों के पास धुंध की मोटी परत छाई रही। दबाव के कारण तमिलनाडु के कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों, पुड्डुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे हैं। वह अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट के निर्माण कार्यो की समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के बाद उद्घाटन की तारीख पर मुहर लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन हो सकता है। एयरपोर्ट के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो गया है। शुरुआत में सालाना 50 लाख यात्री आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैयारियां जोरों पर हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है, जिसमें सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जा रहा है।


### उत्तर प्रदेश में 54 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसान पंजीकरण अभियान जोरशोर से जारी है और अब तक करीब 54 प्रतिशत किसानो की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अगले साल एक अप्रैल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त सिर्फ पंजीकृत किसानो को मिलेगी। इसलिए सरकार राज्य के किसानो का पंजीकरण करा रही है। पंजीकरण अभियान में सीतापुर अब तक पहले स्थान पर है, जहां 74 प्रतिशत किसान पंजीकृत हो चुके है वहीं बस्ती दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक लगभग 54 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जिससे करीब 1.5 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश पर यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

# हमारे लोगों ने ही विश्वासघात किया: उमर

## भाजपा के राज्यसभा की सीट जीतने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने राज्यसभा चुनावों में 'क्लीन स्वीप' का लक्ष्य रखा था लेकिन अंतिम चरण में 'कुछ लोगों ने विश्वासघात' किया जिसके कारण 3-1 का परिणाम आया।

अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि किसी को 3-1 की शिकायत नहीं करनी चाहिए। हमने 4-0 के लिए पूरी कोशिश की। जैसा कि मैंने अपने ट्विटर पोस्ट में भी कहा था, अंतिम चरण में कुछ लोगों ने हमें धोखा दिया।लगभग सभी उन लोगों के नाम जानते हैं जिन्होंने हमें धोखा दिया। उन्हें यहां दोहराना जरूरी नहीं है, लेकिन यह अफसोस की बात है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस को चार राज्यसभा सीटों में से एक पर जीत हासिल करके चौंका दिया। उसे 32 वोट मिले, जो विधानसभा में उसकी 28 सदस्यीय विधानसभा संख्या से चार ज्यादा है। नेशनल कांफ्रेंस ने बाकी तीन सीटें जीतीं।

### जनता के जनादेश की जीत: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने राज्यसभा चुनाव में पार्टी की शानदार जीत को जनता की जीत करार देते हुए कहा है कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और आपसी समन्वय ही नेशनल कॉन्फ्रेंस की असली ताकत है। डा. अब्दुल्ला राज्यसभा चुनाव जीतने वाले पार्टी नेताओं एडवोकेट चौधरी मुहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद कुचलो और सरदार शम्मी ओबराय के सम्मान में पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

# सम्भल में फिर शुरू हुई पौराणिक 24 कोसी परिक्रमा

## भगवान कल्कि की नगरी के रूप में 46 वर्ष बाद पुन: जगमगा उठा नगर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ/सम्भल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सम्भल एक बार फिर अपनी पौराणिक पहचान 'भगवान कल्कि की नगरी' के रूप में जगमगा उठा है। शुक्रवार रात्रि दो बजे सम्भल के 68 तीर्थ और 19 कूपों की 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ प्राचीन तीर्थ बेनीपुरचक स्थित श्रीवंशगोपाल से लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ।

शंखनाद, भजन और जयघोषों के बीच निकली यह परिक्रमा 46 वर्षों बाद पुन: आरंभ हुई है। 1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी यह परंपरा 2024 में सरकार के प्रयासों से फिर से जीवित हो उठी। धार्मिक मान्यता है कि इस परिक्रमा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह परिक्रमा श्रीवंशगोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर भुवनेश्वर, क्षेमनाथ और चंदेश्वर तीर्थों से होते हुए पुन: वंशगोपाल तीर्थ पर लौटती है। इन तीन प्रमुख तीर्थों के मध्य 87 देवतीर्थ स्थित हैं, जो सम्भल की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं। 1978 के दंगों के बाद सम्भल में जो भय, अविश्वास और पलायन का माहौल बना, उसने दशकों तक यहां के सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुंचाई। हिंदू परिवारों ने अपने घर, दुकानें और जमीनें छोड़ीं मंदिरों पर कब्जे हुए और धर्मिक आयोजनों पर रोक लग गई, मगर 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। योगी ने सम्भल की स्थिति को व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से लिया। न्यायिक आयोग की रिपोर्ट ने उन सच्चाइयों को उजागर किया जिन्हें वर्षों तक दबाया गया। योगी सरकार ने इन सभी मामलों में कठोर कार्रवाई की। दंगों की साजिश में शामिल तत्वों को जेल भेजा गया, अवैध कब्जों को हटाया गया और सांप्रदायिक राजनीति पर अंकुश लगाया गया। योगी सरकार ने सम्भल में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की ऐतिहासिक कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-67 के तहत 495 वाद दर्ज हुए, जिनमें से 243 मामलों का निस्तारण कर 1067 अतिक्रमण हटाए गए। इस प्रक्रिया में 68.94 हेक्टेयर भूमि कब्जामुक्त कराई गई।

## अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट से एलआईसी पर उठा सवाल

# अडाणी ग्रुप में 33 हजार करोड़ निवेश का दावा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस बोली- कस्टमर्स की कमाई फायदा पहुंचाने में लगाई अडाणी पर दो हजार करोड़ रिश्वत का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में जमा पॉलिसीधारकों के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए नियमों में बदलाव किया है और गलत तरीका अपनाकर उद्योगपति अडानी को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि मीडिया में हाल ही में कुछ परेशान करने वाले खुलासे सामने आए हैं कि किस तरह सरकार ने एलआईसी और उसके 30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक दस्तावेज के अनुसार सरकारी अधिकारियों ने गत मई में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया और उसे आगे बढ़ाया, जिसके तहत एलआईसी की लगभग 34,000 करोड़ रुपए की धनराशि को अडानी समूह की विभिन्न कंपनियों में निवेश किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'अडानी समूह में विश्वास का संकेत देना' और 'अन्य निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना' था। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर वित्त मंत्रालय और नीति आयोग के अधिकारियों ने किसके दबाव में यह तय किया कि उनका काम गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही एक निजी कंपनी को बचाना है। उन्हें सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध एलआईसी को निवेश करने के निर्देश देने का अधिकार किसने दिया। रमेश ने उद्योगपति अडानी को लेकर विस्तार से बताया कि जब 21 सितम्बर 2024 को गौतम अडानी और उनके सात सहयोगियों पर अमेरिका में आरोप तय किए गए, तो केवल चार घंटे की ट्रेडिंग में ही एलआईसी को 920 अरब डॉलर यानी 7,850 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ। अडानी पर भारत में महंगे सौर ऊर्जा ठेके हासिल करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए यानी की रिश्वत योजना बनाने का आरोप है। मोदी सरकार लगभग एक साल से पीएम मोदी के इस करीबी मित्र को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग का समन आगे बढ़ाने से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा कि मोडानी मेगा घोटाला बेहद व्यापक है और इसमें ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डालना, ताकि वे अपनी संपत्तियां अडानी समूह को बेच दें। हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर संसाधनों का पक्षपाती निजीकरण, ताकि उसका लाभ केवल अडानी समूह को ही मिले।

### एलआईसी ने अडानी समूह की कंपनियों में निवेश की खबरों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट की उस खबर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि जीवन बीमा कंपनी ने बाहरी दबाव में अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का रोडमैप तैयार किया है। एलआईसी ने अपने बयान में कहा है कि ये आरोप 'झूठे, निराधार और सच्चाई से परे' हैं। जीवन बीमा कंपनी ने कभी इस तरह का कोई दस्तावेज तैयार नहीं किया है, जिसमें अडानी समूह में निवेश का रोडमैप बनाया गया हो। एलआईसी के निवेश के फैसले पूरी स्वायत्तता के साथ उसके निदेशकमंडल की मंजूरी से किए जाते हैं।

# आगरा में कार ने आठ को रौंदा, पांच मरे, सात घायल

**आगरा, वार्ता**

■ मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भी शामिल हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था

उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के न्यू आगरा क्षेत्र में शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नगला बूढ़ी के पास बेकाबू कार ने सड़क किनारे आठ लोगों को रौंद दिया जिसमें से एक महिला बबली समेत पांच की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हो गए।

मृतकों में एक डिलीवरी ब्वाय भानु प्रताप भी शामिल है। हादसे के वक्त भानु प्रताप पार्सल डिलीवरी करके वापस लौट रहा था। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और कार को जब्त कर लिया है। सभी मृतकों के शवों के पुलिस ने पोस्टमॉर्टम भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की स्पीड बहुत ज्यादा तेज थी। कार ने पहले डिवाइडर को टक्कर मारी उसके बाद कई लोगों को रौंदते हुए फिर से डिवाइडर से टकरा गई और कार रुक गई। बेकाबू कार ने पहले डिलीवरी बॉय भानु प्रताप को रौंदा उसके बाद एक वृद्ध की मौत में शोक व्यक्त करने के लिए कुछ लोग सड़क के किनारे बैठे थे और कार ने उनको भी रौंद दिया।

हिट एंड रन केस में मौके पर सात लोग घायल हुए हैं जिनको सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डिलीवरी बॉय भानु प्रताप, एक महिला बबली इसके अलावा कमल, कृष्णा और बंटेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल राहुल और गोलू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार चलाते वक्त चालक नशे में था।



**सेंसेक्स** 83952.17
**निफ्टी** 25709.00



**सोना रु.** 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 154900
प्रति किलो



# मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के बाद शेयर बाजार में तेजी

**न्यूयॉर्क, वार्ता**



अमेरिका में सितम्बर के मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़े कम रहने के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी रही। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 472.51 अंक या 1.01 प्रतिशत बढ़कर 47,207.12 पर पहुंच गया, जो पहली बार 47,000 के पार बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 53.25 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 6,791.69 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 263.07 अंक या 1.15 प्रतिशत बढ़कर 23,204.87 पर पहुंच गया। तीनों प्रमुख औसत सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

एसएंडपी 500 के 11 प्रमुख क्षेत्रों में से छह में तेजी रही, जिसमें प्रौद्योगिकी और संचार सेवाओं में क्रमश: 1.58 प्रतिशत और 1.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऊर्जा और सामग्री क्षेत्र क्रमश: 1.01 प्रतिशत और 0.61 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अमेरिकी संघीय सरकार के बंद होने के कारण विलंबित हुई सितम्बर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट में इस महीने 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे वार्षिक मुद्रास्फीति दर तीन प्रतिशत पर रही। डॉव जोन्स सर्वेक्षण के आधार पर दोनों आंकड़े अर्थशास्त्रियों की मासिक 0.4 प्रतिशत और वार्षिक 3.1 प्रतिशत की अपेक्षाओं से थोड़ा कम रहे। खाद्य और ऊर्जा को छोड़कर कोर सीपीआई पिछले महीने 0.2 प्रतिशत और पिछले 12 महीनों में तीन प्रतिशत बढ़ा, जो 0.3 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत के पूर्वानुमानों से भी कम है। सीपीआई के आंकड़े जारी होने के बाद व्यापारियों ने इस साल अपनी शेष दोनों बैठकों में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने पर अपना दांव खेला। सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार दिसंबर में कटौती के अनुमानित से पहले लगभग 91 प्रतिशत से बढ़कर 98.5 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की संभावना 95 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

गोल्डमैन सैक्स एसेट मैनेजमेंट में बहु-क्षेत्रीय निश्चित आय निवेश प्रमुख लिंडसे रोसनर ने कहा कि आज की नरम सीपीआई रिपोर्ट में फेड को 'डराने' वाली कोई बात नहीं थी और हमें अगले सप्ताह होने वाली फेड बैठक में और नरमी की उम्मीद है। मौजूदा आंकड़ों की कमी के कारण फेड के पास डॉट प्लॉट में बताए गए रास्ते से हटने का कोई कारण नहीं है, इसलिए दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है। कॉरपोरेट समाचारों में चिप निर्माता इंटेल के शेयरों में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कंपनी ने तीसरी तिमाही का राजस्व वॉल स्ट्रीट के अनुमानों से अधिक बताया। इंटेल के निवेशक प्रमुख जॉन पित्जर ने कहा कि हमारा मानना है कि हम एआई में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

### मांग व आपूर्ति से सोना और चांदी के दाम फिसले

**नई दिल्ली।** शनिवार को देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी दोनों के दाम नीचे आए हैं। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना घटकर 1,24,510 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,140 प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। देश के अन्य बड़े शहरों में भी इसी तरह की गिरावट देखने को मिल रही है।

चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई है। देशभर में चांदी का भाव घटकर 1,54,900 प्रति किलोग्राम पर आ गया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डॉलर की मजबूती और वैश्विक स्तर पर व्यापारिक तनाव में कमी का असर सोने की कीमतों पर पड़ा है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरैट सोने का भाव 1,24,510 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि मुंबई में 1,24,360, अहमदाबाद में 1,24,410 , चेन्नई में 1,24,360 , कोलकाता में 1,24,360, जयपुर में 1,24,510 और लखनऊ में 1,24,510 रुपये है। भारत में गोल्ड और सिल्वर के रेट इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा तय किए जाते हैं।

# चावल, चीनी-मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के दाम गत दिवस के स्तर पर ही रहे। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए बढ़कर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल हो गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 13 रुपए की तेजी के साथ 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत 144 रुपए और सोया तेल की 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं सरसों तेल की कीमत 129 रुपए और वनस्पति की 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। सूरजमुखी तेल 63 रुपए और पाम ऑयल 43 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल.दलहनों में चना दाल 26 रुपए और तुअर दाल 54 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 32 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल 13 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल की कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.70 रुपए और चावल 3863.88 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ में...** यहां अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण होता गया। आवास विकास परिषद ने वर्ष 1990 में नोटिस जारी करके इसे गिराने का आदेश दिया था, परंतु लम्बी कानूनी प्रक्रिया के चलते कार्रवाई वर्षों तक टलती रही। आखिरकार शनिवार को इस कॉम्प्लेक्स को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानों से सामान नहीं हटाया था। मेरठ के सामाजिक कार्यकर्ता एवं याचिकाकर्ता लोकेश खुराना ने न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 6 अक्टूबर को उच्चतम न्यायालय ने गृह सचिव, आवास आयुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आवास विकास परिषद के अधिकारियों तथा नौ व्यापारियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को निर्धारित है, जबकि 25 अक्टूबर को न्यायालय के आदेशानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी कर ली गई।

**रूस ने...** इरादे से ढाका में तैनात किया गया था। विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की योजना और कोशिश की गई होगी। हालांकि, भारत और रूस की खुफिया इकाइयों के संयुक्त अभियान ने इसे नाकाम कर दिया। ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट में लिखा गया है कि एक विश्लेषण के अनुसार, भारत और रूसी खुफिया एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान में इस साजिश को विफल कर दिया। ये भी संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने तियानजिन में कार के अंदर 45 मिनट तक चली अपनी बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की हो। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के एक और बयान ने इन अटकलों को और हवा दे दी है। जब चीन के तियानजिन से लौटने के ठीक अगले दिन, 2 सितम्बर को, प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में सेमीकान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने सभी से पूछा क्या आप इसलिए ताली बजा रहे हैं, क्योंकि मैं चीन गया था या इसलिए बजा रहे हैं क्योंकि मैं वापस आ गया हूं? कयास लगाए जा रहे हैं कि, प्रधानमंत्री मोदी की ये टिप्पणी एक गंभीर संदेश देती हैं।

### महबूबा मुफ्ती ने जेलों से बाहर कैदियों की वापसी की मांग की

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में एक महत्वपूर्ण याचिका दायर कर राज्य के उन सभी विचाराधीन कैदियों की तत्काल वापसी की मांग की है, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के बाहर विभिन्न जेलों में बंद हैं। सुश्री मुफ्ती ने दायर याचिका में अदालत से आग्रह किया है कि ऐसे सभी कैदियों को जम्मू-कश्मीर की स्थानीय जेलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया जाए, जब तक कि संबंधित अधिकारी किसी विशिष्ट मामले में लिखित कारण प्रस्तुत करके यह साबित न कर दें कि उन्हें बाहर रखा जाना आवश्यक है। याचिका में यह भी कहा गया है कि ऐसे सभी मामलों की अदालत द्वारा हर तीन महीने में समीक्षा की जानी चाहिए।

# लखनऊ में हत्यारोपी को छोड़ने पर बवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ भीड़ के पथराव से 10 पुलिसकर्मी घायल लाठीचार्ज

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी में सफाईकर्मी की संदिग्ध मौत के बाद आरोपी को पुलिस द्वारा छोड़ने पर आक्रोशित भीड़ ने थाने पर धावा बोल दिया, पथराव और मारपीट में 10 जवान घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। घटना ने इलाके में तनाव बढ़ा दिया है।

जानकारी के अनुसार एक सफाईकर्मी की मौत के मामले में आरोपी को हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि पुलिस ने उसे छोड़ दिया। जैसे ही लोगों को इस बात की जानकारी मिली, तो गुस्साई भीड़ ने थाने को घेर लिया और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों ने पुलिसवालों को पीटा, पथराव किया, जिससे करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, भीड़ को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सूत्रों के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दिन एक सफाई कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप था कि मौत के लिए कुछ लोग जिम्मेदार हैं। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था, लेकिन जांच के दौरान उसे छोड़ दिया गया। इसी बात से नाराज स्थानीय निवासियों और मृतक के परिजनों ने थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, भीड़ ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिसकर्मियों ने समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। धीरे-धीरे कहासुनी शुरू हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया । गुस्साई भीड़, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं, ने पुलिसवालों पर हमला बोल दिया।

महिलाओं ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों को थप्पड़ मारे, लात-घूंसे चलाए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भीड़ अनियंत्रित हो गई थी। पथराव शुरू हो गया और पुलिस की गाड़ियों पर हमला किया गया। भीड़ के हमले में थाने के एसएचओ सहित करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुछ जवान गंभीर रूप से चोटिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज का सहारा लिया। अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। फिलहाल मामला शांत हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## समाज कल्याण मंत्री ने छठ घाट निर्माण में किया श्रमदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना विधानसभा में बेगमपुर के भरत विहार घाट, शाहबाद डेयरी के पंच मंदिर घाट और रोहिणी के पंसाली घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा स्थानीय निवा. सियों के साथ स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और श्रमदान भी किया। समाज कल्याण मंत्री ने सफाई कर्मचारियों के साथ स्वच्छता कार्य करने के साथ ही श्रमिकों के साथ घाटों के निर्माण कार्यों में भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार छठी मईया के पूजन, लोक आस्था के सम्मान और भक्ति के लिए भव्य और दिव्य आयोजन करेगी। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि मॉडल घाटों और सांस्कृतिक आयोजनों से दिल्ली में नई परम्परा की शुरुआत हो रही है।

## नहाय-खाय के अवसर पर वीरेंद्र सचदेवा व दीपक गाबा संग कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला अंतर्गत लक्ष्मी नगर विधानसभा में छठ घाट, पलटन पुल, भैरों मार्ग पर छठ पूजा के प्रथम अनुष्ठान 'नहाय-खाय' के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा के साथ शाहदरा जिला के कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया।

इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मां यमुना नदी के घाट पर श्रमदान कर युद्धस्तर पर सफाई अभियान की शुरुआत की और इस पावन अवसर पर बताया छठ पूजा भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और लोकआस्था से जुड़ा पर्व है, जो मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में हर्ष



और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य देव एवं छठी मइया की आराधना का पर्व है, जिसमें भक्तजन नदियों, तालाबों और घाटों पर निर्मल मन से अर्घ्य अर्पित करते हैं।

श्री वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि छठ व्रत में सूर्य की उपासना के माध्यम से आरोग्यता, समृद्धि और पारिवा. रिक सुख-शांति की कामना की जाती है। यह पर्व चार दिनों तक चलता है ख्र नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य ख्र प्रत्येक चरण आत्मसंयम, शुद्धता और भक्ति का प्रतीक है।

दीपक गाबा ने बताया कि यह पर्व प्रकृति, जल और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का अद्‌भुत उदाहरण है।इसमें किसी भी प्रकार का दिखावा या बाहरी आडंबर नहीं होता, बल्कि सादगी, स्वच्छता और पवित्रता इसका मूल है।

## प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** चाँदनी चौक में हुई सीलिंग के मुद्दे को लेकर चाँदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य मंत्री दिल्ली रेखा गुप्ता से मिला।

प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली हिन्दुस्तानी मार्केनटाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश सचदेवा, महासि. चव श्रीभगवान बंसल, दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर, चाँदनी चौक भाजपा अध्यक्ष अरविंद गर्ग, भाजपा नेता गोपाल गर्ग, व्यपारी नेता सुभाष गोयल एवं अभिषेक गणेरिवाल आदि शामिल थे। प्रति. निधिमंडल से मिलने के बाद मामले की गम्भीरता को समझते हुए आज शनिवार होने के बावजूद मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने एक उच्च स्तरीय बैठक



बुलाई जिसमे दिल्ली के मुख्यसचिव एवं दिल्ली नगर निगम आयुक्त एवं वरिष्ठ निगम अधिकारियों के साथ ही सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल आदि भाजपा नेता भी शामिल हुए।

सांसद प्रवीन खंडेलवाल एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्य मंत्री को अवगत कराया की चांदनी चौक एक पूर्ण व्यापारिक क्षेत्र है और एक व्यक्ति विशेष के कारण एक दुखद स्थिती बनी है जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर कुछ दुकानों की सीलिंग हुई हैं।उन्होने अनुरोध किया की दिल्ली नगर निगम के साथ ही दिल्ली सरकार भी व्यापारियों का पक्ष रखे और न्यायालय को बताये की यह एक मास्टर प्लान के अंतर्गत कानूनी व्यपारिक क्षेत्र है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चाँदनी चौक ही नही पूरी दिल्ली के व्यापारियों को आश्वस्त किया है की ना सिर्फ दिल्ली नगर निगम बल्कि दिल्ली सरकार एवं केंद्र सरकार भी सर्वोच्च न्यायालय में व्यापारियों के हित जरूरत पड़ने पर जायेगी।

## दिल्ली में 28-30 अक्टूबर के बीच की जाएगी बारिश के लिए सीडिंग : मनजिंदर सिंह सिरसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने प्रदूषण नियंत्रण में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की ख्र अपनी पहली क्लाउड सीडिंग परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक संपन्न की। यह उड़ान 28-30 अक्टूबर के बीच होने वाले कृत्रिम वर्षा अभियान का अहम हिस्सा थी। यह उड़ान दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग और आईआईटी कानपुर के संयुक्त प्रयास से संचालित की गई, जिसमें विमान, सीडिंग फ्लेयर्स और सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय की तैयारियों का परीक्षण किया गया।पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि

"मैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद के लिए धन्यवाद देता हूँ, जिनकी वजह से इस अनोखी पहल के लिए सभी अनुमति समय पर प्राप्त हुई। आज की उड़ान तकनीकी रूप से पूरी तरह सफल रही। हमने सभी आवश्यक परीक्षण -फ्लेयर टेस्ट, फिटमेंट जांच और समन्वय प्रोटोकॉल सफलतापूर्वक -पूरे कर लिए हैं।"

मंत्री ने बताया कि यह परीक्षण उड़ान आईआईटी कानपुर हवाई पट्टी से शुरू होकर कानपुर→मेरठ →खेकरा→बुरारी → सड़कपुर →भोजपुर → अलीगढ़→ कानपुर के मार्ग से हुई।खेकरा और बुरारी के बीच क्लाउड सीडिंग फ्लेयर्स सफलतापूर्वक फायर किए गए, साथ ही विमान की कार्यक्षमता, उपकरणों की स्थायित्व और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरी तरह मूल्यांकन किया गया।मंत्री ने आगे कहा कि

"दिल्ली अपनी पहली कृत्रिम वर्षा अनुभव करने के लिए तैयार है। सभी सिस्टम ख्र विमान से लेकर मौसम और पर्यावरण निगरानी तक – पूरी तरह तैयार हैं। अब केवल उपयुक्त बादलों का इंतजार है, जो 29–30 अक्टूबर के बीच होने वाले वास्तविक सीडिंग के लिए अनुकूल होंगे। सिरसा ने कहा कि "यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के विज्ञान और नवाचार को अपनाने के संकल्प को दर्शाती है। पर्यावरण विभाग आईआईटी कानपुर और विमानन प्राधिकरणों के साथ मिलकर आगामी उड़ानों के लिए निगरानी और समन्वय जारी रखेगा।"

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए डीपीसीसी की 33 टीमें कर रहीं हैं क्षेत्रवार निरीक्षण-सिरसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी की वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सख्त कदम उठा रही है। इसी क्रम में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के कार्यालय का दौरा कर वरिष्ठ अधिकारियों, फील्ड अफसरों और इंजीनियर्स के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें निर्माण गतिविधियों से उत्पन्न धूल प्रदूषण की निगरानी और कार्रवाई की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस दौरान मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि , मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमने जमीनी स्तर पर एक व्यापक अभियान शुरू किया है। बिना पंजीकरण के चल रही निर्माण गतिविधियों की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी परियोजनाओं को डीपीसीसी के 'डस्ट पोर्टल' पर पंजीकृत करना अनिवार्य है।"

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि 33 फील्ड टीमों द्वारा अब तक 185 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया जा चुका है और 30 अक्टूबर तक 500 से अधिक साइटों की जांच का लक्ष्य निर्धारित है। जिन स्थलों ने अभी तक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें नोटिस जारी कर तत्काल काम रो. कने और पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त मंत्री ने कार्यालय से संबंधित कामों और फाइलों का ब्यौरा लिया तथा कुछ तकनीकी खामियों पर तुरंत सुधार के निर्देश दिए। साथ ही डस्ट पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को और सरल बनाने के भी निर्देश दिए। सभी विभागों को फील्ड स्तर पर काम में तेजी लाने, कचरा प्रबंधन मजबूत करने और प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। सिरसा ने यह भी स्पष्ट किया कि "हमारा मकसद निर्माण कार्य को रोकना नहीं बल्कि प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों को नियंत्रित करना है। दिल्ली में हर निर्माण परियोजना की मॉनिटरिंग हमारे पास होनी चाहिए ताकि प्रदूषण फैलाने वालों पर समय रहते कार्रवाई हो सके।

## एक नजर

### विवेक विहार में दुकानों में शटर तोड़कर की थी चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के विवेक विहार थाने की क्रैक टीम ने रात में चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की नकदी और बाइक बरामद की है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि 23/24 अक्टूबर की मध्यरात्रि को बी-ब्लॉक मार्केट, विवेक विहार फेज-I, में चोरी की सूचना मिली थी जिसमें आठ दुकानों के शटर टूटे पाए गए। इस दौरान प्राइम कलेक्शन की दुकान संख्या 7 का शटर तोड़कर 5200 रुपये और कुछ बिल चोरी कर लिए गए। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी विवेक विहार मोहिंदर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, ब्रावो/विवेक विहार के नेतृत्व में एसआई मानवेंद्र , हेड कांस्टेबल वेदप्रिय, प्रवीण मावी,रणधीर सिंह और कांस्टेबल सुभाष कुमार की टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने विवेक विहार और सीमापुरी इलाके के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की गई। पता चला कि दो चोर रात करीब 00:40 बजे विवेक विहार ब्लॉक-बी मार्केट में एक बाइक पर आए और अपनी बाइक बैंक ऑफ महाराष्ट्र, विवेक विहार के पास खड़ी कर दी। वे वहां करीब 1 घंटे तक रुके और विवेक विहार के ब्लॉक बी मार्केट की करीब आठ दुकानों में चोरी की।इस फुटेज के आधार पर, गुप्त मुखबिरों को तैनात किया गया और तकनीकी व मैनुअल निगरानी के आधार पर तथा दिल्ली पुलिस द्वारा विकसित इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम, क्रिमिनल डोजियर सिस्टम और सहायक एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए दो आरोपियों की पहचान. इलियास उर्फ घ्सैफ अली, (24) और फरजान उर्फ घ्नाता, (23) के रूप में की। इसी बीच टीम ने गुप्त सूचना पर ईदगाह, सीमापुरी, के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। अपराध में प्रयुक्त बाइक चोरी की गई नकदी उनके कब्जे से बरामद कर ली गई है।पुलिस में बताया कि आरोपी रात के समय विवेक विहार और आनंद विहार इलाके में घूमते कर बंद दुकानों की जाँच करते थे। अपराध करने से पहले, एक आरोपी पुलिस और आम जनता की आवाजाही देखने के लिए बाइक से उतरता है। दूसरा अपने साथी से इशारा पाकर बाजार क्षेत्र के पास बाइक खड़ी कर देता है और दोनों मिलकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपी इलियास उर्फ घ्सैफ अली पहले दंगा और डकैती सहित चार जबकि फरजान उर्फ घ्इमरान पहले हत्या के मामले सहित तीन मामलों में शामिल रहा है।

### पहाड़गंज थाने की टीम ने चोर को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के पहाड़गंज थाने की टीम ने एक आदतन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 3,870 रुपए बरामद किए है।आरोपी पहले भी कई चोरी के मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि पहाड़गंज थाने के तहत 26.अगस्त को एफआईआर दर्ज की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह अपने बच्चे को स्कूल से लेने के लिए सदर बाजार रोड, मोतिया खान के पास अपनी बाइक चला रहा था, तभी भारी ट्रैफिक के बीच एक लड़का अचानक उसकी बाइक के सामने फिसल गया। इस अफरा-तफरी में, एक अन्य लड़के ने चुपके से उसकी जेब से पंद्रह हजार रुपए निकाल लिए और मौके से भाग गया।शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर एसीपी पहाड़गंज की देखरेख में एसएचओ पहाड़गंज के नेतृत्व में एसआई हर्ष, हेड कांस्टेबल जगबीर, नरेंद्र और कांस्टेबल पुनीत की टीम ने जांच शुरू की। जाँच के दौरान टीम ने कई सीसीटीवी कैमरों की जाँच की गई। फुटेज में दो लड़के सदर बाजार रोड की ओर भागते हुए दिखाई दिए। खुफिया जानकारी के आधार पर, एक स्थानीय मुखबिर के माध्यम से एक संदिग्ध की पहचान सचिन उर्फ लाठे (22)के रूप में हुई। एक गुप्त सूचना पर का, टीम ने उसके घर पर तुरंत छापा मारकर आरोपी सचिन उर्फ घ्लाठे पको गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 3,870/- की राशि बरामद की गई।पुलिस पूछताछ के दौरान

### पानी से भरे प्लॉट में डूबकर छह साल की बच्ची की मौत

**नई दिल्ली।** प्रेमनगर के रामा विहार इलाके में पानी से भरे प्लॉट में डूबने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की शिनाख्त प्रियांशी के रूप में हुई है। घटना के समय बच्ची घर से खेलने के लिए निकली थी और उसके बाद गायब हो गई थी। पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 23 अक्तूबर की शाम छह बजे रामा विहार निवासी मनोज कुमार ने 112 नंबर पर अपनी छह साल की बेटी प्रियांशी के गायब होने की शिकायत की।

## कपिल मिश्रा ने किया दिल्ली के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली के विभिन्न छठ घाटों का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। मंत्री कपिल मिश्रा ने नरेला छठ घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, इस मौके पर उनके साथ नरेला विधानसभा क्षेत्र से विधायक राज करन खत्री भी मौजूद रहे।

इस मौके पर कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार इस बार छठ पूजा को ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। यमुना नदी के किनारे 17 प्रमुख घाटों सहित पूरी दिल्ली में लगभग 1300 स्थानों पर छठ पूजा के घाटों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि इन घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति,



टेंट और अन्य आवश्यक प्रबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के छठी मइया की आराधना कर सकें।

निरीक्षण के दौरान कपिल मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समितियों और स्वयंसेवकों से भी बातचीत की और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी टीमें दिन-रात जुटी हैं ताकि छठ पर्व पर दिल्लीवासियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बहुत वर्षों तक पूर्वांचल समाज को यमुना पर छठ पूजा करने से रोका गया था। यह समाज की आस्था के साथ बड़ा अन्याय था। लेकिन आज यह गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राजधानी के हर कोने में छठ पूजा की तैयारी कराई है। इस बार पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ लोग छठी मइया की पूजा करेंगे।

कपिल मिश्रा ने आगे कहा कि नरेला, त्रिलोकपुरी, सोनिया विहार, कालिंदी कुंज, वासुदेव घाट समेत सभी प्रमुख स्थलों पर तैयारियाँ पूरी गति से चल रही हैं। टेंट, मंच, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सेवाएं और स्वच्छता कार्य लगभग पूर्ण हैं।

अंत में उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार छठ पर्व को केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, एकता और संस्कृति के उत्सव के रूप में देखती है। यह पर्व न केवल पूर्वांचल समाज का, बल्कि पूरे दिल्लीवासियों का पर्व बन चुका है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर नए अध्ययन के परिणाम जारी किए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मैचिंग एंड हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अपने नए अध्ययन के परिणाम जारी किए हैं। इसमें सामने आया है कि हर दो में से एक भारतीय को अपना काम पसंद है। 53 प्रतिशत कर्मचारी अपने काम के प्रति प्रेम को महत्व देते हैं, जिसकी वजह से लोग कार्यस्थल पर खुश और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हुए दिल लगाकर काम करते हैं। इससे प्रदर्शित होता है कि उद्देश्य और संतुष्टि भी उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं, जितने कि वेतन और स्थिरता।

इनडीड के सर्वे में यह भी खुलासा हुआ कि युवा कार्यस्थल पर मानसिक रूप से तब स्वस्थ महसूस करते हैं, जब उन्हें अपना काम पसंद होता है। वहीं पुरानी पीढ़ी के लोग तनाव को कम करने और मन की शांति के लिए स्थिरता और वित्तीय सुरक्षा को ज्यादा महत्व देते हैं। सर्वे के अनुसार, अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए पिछले साल 30 प्रतिशत से अधिक भारतीय कर्मचारियों ने अपनी नौकरी छोड़ दी। सर्वे में शामिल केवल एक तिहाई कंपनियाँ ही मानसिक स्वास्थ्य की सपोर्ट प्रदान करती हैं, जिससे प्रदर्शित होता है कि मानसिक स्वास्थ्य के संसाधनों का महत्व है। जब कर्मचारियों को महसूस होता है कि उनके मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखा जा रहा है, तो वो कंपनी में शामिल होते हैं और बने रहते हैं।

इनडीड में करियर एक्सपर्ट, सौमित्रा आर चंद ने कहा, "लोग अपने पदों के मुकाबले ज्यादा अपेक्षा रखते हैं, वो जीवन में कहाँ हैं, इससे उन्हें मान. सिक स्वास्थ्य की वास्तविक सपोर्ट मिलती है।

## यमुना बैंक मैट्रो स्टेशन के पास बंद करवाया छठ घाट पुनः चालू करवाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के अनेक पूर्वांचल वासी कल प्रातः बिहार जागरण मंच के संरक्षक एवं एन.डी.एम.सी. सदस्य श्री दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा से मिले और उनके संज्ञान में डाला की 2020 में अरविंद केजरीवाल सरकार ने यमुना बैंक मैट्रो स्टेशन से पंटून पुल से नीचे जा कर छठ पूजा घाट को बंद करवाया दिया था। बिहार जागरण मंच के सदस्यों ने वीरेन्द्र सचदेवा से निवेदन किया की इस छठ घाट को पुनः चालू करने की अनुमति दिलवायें। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कल ही क्षेत्रीय अधिकारियों से बात कर घाट निर्माण की अनुमति दिलवाई और जे.सी.बी. लगवा कर घाट निर्माण काम शुरू करवाया। आज प्रातः दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा स्वंय यमुना बैंक मैट्रो स्टेशन से नीचे निर्माणाधीन छठ घाट पर पहुँचे और सफाई श्रमदान किया और कहा की यह छठ घाट निर्माण करवा कर हमने लक्ष्मी नगर, पांडव नगर सहित आसपास के चार पांच किलोमीटर में बसे बिहार समाज के लोगों की आंकाक्षा पूरी की है।उन्होने कहा की केजरीवाल सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्वों में बाधा डालती थी पर भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार जन जन के पर्वों को उत्सव उत्साह दे रही है। सचदेवा के साथ एन.डी.एम.सी. सदस्य दिनेश प्रताप सिंह, विधायक अभय वर्मा, शाहदरा जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक गाबा, दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष श्री संतोष ओझा, सहित बिहार जागरण मंच के सदस्य घाट स्वच्छता श्रमदान में सम्मलित हुए। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा है की दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं दिल्ली सरकार द्वारा यमुना बैंक मैट्रो स्टेशन के पास यह छठ घाट पुनः चालू करवाने पर पूर्वी दिल्ली के इस क्षेत्र में बसा पूर्वांचल समाज एवं बिहार जागरण मंच उनके आभारी हैं।

## बाइक सवार की डीटीसी मेट्रो फीडर बस की टक्कर से हुई मौत, चालक पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के बृजपुरी रोड पर शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में तेज रफ्तार व अनियंत्रित डीटीसी मेट्रो फीडर बस की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस क्राइम और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। फिलहाल मामले में बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 10 बजे दयालपुर पुलिस को मुख्य



बृजपुरी रोड पर सड़क हादसे की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो देखा कि एक डीटीसी मेट्रो फीडर बस से टक्कर लगने के कारण बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई है। मृतक की पहचान मुस्तफाबाद के गली संख्या 25/3 निवासी 55 वर्षीय असगर अली के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल मौके पर क्राइम व एफएसएल की टीमों को भी जांच के लिए बुलाया। टीम ने मौके का बारीकी से मुआयना करके सभी जरूरी सुराग जुटाए हैं। इसके अलावा मामला दर्ज करके पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बस चालक को पकड़ लिया। फिलहाल प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ व सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## न्यू दिल्ली मैराथन का टाइटल स्पॉन्सर होगा कॉग्निजेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आगामी न्यू दिल्ली मैराथन के संस्करण का मुख्य प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) होगा। यह मैराथन भारत की प्रमुख AIMS-प्रमाणित राष्ट्रीय मैराथन है और एशिया की सबसे भरोसेमंद लंबी दूरी की दौड़ों में से एक मानी जाती है। आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

इस घोषणा को आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा किया गया, जिसका संचालन राज. ेश वरियर, अध्यक्ष ख्र ग्लोबल ऑपरेशंस एवं चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, कॉग्निजेंट इंडिया और नगराज अडिगा, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक – NEB Sports ने किया। इस अवसर पर सुश्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व राज्य मंत्री (विदेश मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय), भी मौजूद रहीं।



कॉग्निजेंट न्यू दिल्ली मैराथन एक महत्वपूर्ण साझेदारी का प्रतीक है, जो विश्व स्तर पर सम्मानित तकनीकी और प्रोफेशनल सेवाओं की कंपनी और देश के सबसे प्रतिष्ठित जनसहभागिता वाले खेल आयोजनों में से एक के बीच स्थापित हुई है। वर्ष 2026 में अपने 11वें संस्करण का जश्न मनाने जा रही न्यू दिल्ली मैराथन अब राष्ट्रीय गौरव और सहनशक्ति का प्रतीक बन चुकी है। यह आयोजन नागरिकों, खिलाड़ियों और संस्थानों को एकजुट कर फिटनेस और सामुदायिक भावना के साझा उत्सव का माध्यम बन गया है। इस मैराथन ने हर संस्करण में भारत और विदेशों से 30,000 से अधिक धावकों को आकर्षित किया है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट, कॉर्पोरेट टीमों, रनिंग ग्रुप्स और रक्षा बलों के कर्मी शामिल रहे हैं। इस अवसर पर राज. ेश वरियर, कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष - ग्लोबल ऑपरेशंस एवं चेयरमैन और प्रबंध निदेशक श्री राजेश वरियर ने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वर्ष 2026 से हम न्यू दिल्ली मैराथन के टाइटल स्पॉन्सर होंगे। कॉग्निजेंट ऐसे विविध और समावेशी खेलों का समर्थन करता है जो हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं, उनसे गहरे जुड़े हुए हैं। मैराथन सीमाओं और संस्कृतियों से ऊपर उठकर अटूट मानवीय भावना का जश्न मनाती है।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस पर कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आज यहाँ राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस के ऊपर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक आचार्य (डा) लोकेश जी ने कहा की शांति बिना शक्ति के स्थापित नहीं की जा सकती ।

शक्ति आती है लोगों से और लोगों के हरे भरे क्षेत्र को उखाड़कर वहाँ व्यवसायिक योजना लाने से लोगों की संप्रभुता का चीर हरण होता है । इसे रोका जाना चाहिए। यहीं नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस का हमारे लिए इकोलोजिकल संदेश था ।भुवनेश्वर से आए SNSMT के चेयरमेन और उड़ीसा की पूर्व मुख्यमंत्री सवर्गीय माननीय नंदनी सत्पथी जी के बेटे सुपरनों सत्पथी ने बताया की अमेरिका मे आजादी की घोषणा 4 जुलाई 1776 को हुई थी ।ये वो दिन नहीं था जब अंग्रेज अमेरिका को छोड़ कर चले गए थे । ये वो दिन था जब अमेरिका ने स्वाधीनता की घोषणा की थी । शक्तिशाली देश ऐसा



ही करते है। भारत भी एक शक्तिशाली देश है। लिहाजा यहाँ भी 21 अक्टूबर को ''स्वाधीनता की घोषणा'' दिवस के रूप मे मनाया जाये क्योंकि इस दिन अखंड भारत की पहली स्वतंत्र सरकार की घोषणा नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस ने की थी। स्कोडा ग्रुप के निर्देशक राजन छिबबर ने कहा की मुझे राष्ट्रीय सैनिक संस्था जैसा देश मे एक भी ऐसा राष्ट्रीय संगठन दिखाई नहीं देता जो 25 वर्षो से बिना स्वार्थ देश हित मे काम कर रहा हो और जिसमे गौरव सेनानी और देश भक्त नागरिक दोनों ही शामिल हो ।राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा की नेताजी सुभाष चन्द्र बॉस सांकेतिक संप्रभुता के पक्षधर नहीं थे ।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





# शिवकुमार की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा



**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में पीट पीटकर की गई शिवकुमार की हत्या का पुलिस में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात से पर्दा उठाया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त देशपाल ने स्वीकार किया कि धर्मवीर और मृतक शिव कुमार तीनों साथ में मजदूरी करते थे।

13 अक्टूबर को मजदूरी से लौटने के बाद तीनों ने नासिरपुर फाटक के पास शराब पी और जुआ खेलने लगे। जुए में हारने पर शिव कुमार ने दोनों को गाली दी, जिससे क्रोधित होकर देशपाल ने बेल्ट से और धर्मवीर ने पास में पड़ा डंडा उठाकर शिव कुमार की पिटाई कर दी। कुछ ही देर में शिव कुमार की मौत हो गई। दोनों अभियुक्त शराब के नशे में वहीं सो गए और सुबह मृतक को मृत देखकर भाग निकले।

इस संदर्भ में मृतक के भाई राजकुमार पुत्र चेतनराम निवासी ग्राम बुरावली थाना रेहरा जिला अमरोहा ने थाना कविनगर पर तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर थाना कविनगर पुलिस द्वारा तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ की गई। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पुलिस टीमों ने स्थानीय इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर अथक प्रयासों के बाद नेहरू नगर फ्लाईओवर के नीच, चौकी क्षेत्र कविनगर से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त देशपाल पुत्र मुकेश, निवासी ग्राम पोरारा की मढ़ैया, थाना रेहरा और धर्मवीर उर्फ धर्मी पुत्र नरेश सिंह, निवासी ग्राम रायपुर खादर, थाना चांदपुर है।

पुलिस टीम ने अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक बेल्ट व एक डंडा बरामद कर लिया है। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूर्व पार्षद ने किया छठ की तैयारियों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी में हर साल छठ का आयोजन किया जाता है। इस साल भी आयोजन किया जा रहा है।

पूर्व पार्षद भाजपा नेता डॉ. मनोज गोयल द्वारा व मौके पर जाकर चल रही तैयारी देखी गई नगर निगम से खड़ा खुदवा दिया गया पानी का टैंक भेज दिया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति से बी एस त्रिपाठी रंजीत राजन उपस्थित रहे।

## लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसायटी में सैंकड़ों लोग उठा रहे मुफ्त इलाज व मुफ्त दवाई का फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसायटी में प्रत्येक शनिवार को ए.ओ.की.तरफ से मुफ्त दवाई तथा एम्.बी.बी एस. डाक्टरों के द्वारा मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है, कुशल लैब के डाक्टर भी इस सेवा में उपलब्ध रहते हैं जो की बीमार लोगो की मुफ्त जाँच करते है!

एओके अध्यक्ष अमित त्यागी ने बताया की प्रत्येक शनिवार को सैंकड़ो लोग इस सेवा का लाभ ले रहे है! सोसायटी के अंदर कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं है इसलिए मुफ्त इलाज के साथ एम्.बी.बी.एस.डाक्टर की व्स्था की गई है। इस सुविधा से लोग बहुत



खुश हैं क्योंकि इलाज के लिए किसी को सोसायटी के बहार नहीं जाना पड़ता तथा पूरा इलाज एवं दवाई तथा जाँच बिलकुल मुफ्त है! जबसे ए.ओ.का गठन मेट्रो होम्स सोसायटी में हुआ है कई सारी सुविधाएँ ए.ओ.के अध्यक्ष अमित त्यागी सोसायटी के लोगो के लिए लेकर आए हैं।

## शराब पीने से मना करने पर हमला, दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धामपुर।** ग्राम मौजमपुर जैतरा में शराब पीने से मना करने पर दो युवकों ने एक व्यक्ति पर चाकू और सरिए से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सुरेश कुमार पुत्र हजारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना 19 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे रविदास धर्मशाला के पास की है। सुरेश कुमार खेत में बैठे थे, तभी गांव के ही दो युवक वहां पहुंचे और शराब पीने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर दोनों भड़क गए और चाकू से सुरेश के दाहिने हाथ पर वार किया, जिससे गहरा घाव हो गया। इसके बाद सरिए से बाईं आंख और नाक पर भी प्रहार किया गया।

## छठ पूजन की तैयारियों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर में आगामी छट महापर्व की तैयारी के दृष्टिगत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधायक डॉ मंजू शिवाच, अध्यक्ष विनोद वैशाली, अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने छठ घाटों का निरीक्षण किया व निर्देश दिए। उनके साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अमरीश कुमार व दिनेश कुमार, कर निरीक्षक अंकित कुमार भी मौजूद रहे और सभी व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया।

नगर में छट पूजा की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए कृत्रिम रूप से 04 घाट क्रमश: गोविंदपुरी, बिबाग में निर्मित किये गए है। सभी घाटो पर नगर पालिका के द्वारा साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था,



महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पालिका सीमान्तर्गत सभी घाट पर लगभग 3000 श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। पालिका के द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं के लिए विशेष रूप से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।सभी कार्यक्रम को शून्य अपशिष्ट (जीरो वेस्ट) के रूप में आयोजित किया जाएगा।

## सुबहान रविउद्दीन की लोकप्रियता ने चौंकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** साथी फाउंडेशन की ओर से सर सैय्यद डे पर आयोजित कार्यक्रम को पुलिस प्रशासन ने बिना अनुमति के होने के कारण बीच में ही रुकवा दिया, लेकिन कार्यक्रम रुकवाए जाने के बाद जो नजारा स्योहारा में देखने को मिला उसने सबको हैरान कर दिया।

कार्यक्रम के संयोजक सुबहान रविउद्दीन निवासी मौहल्ला मिल्कियान की लोकप्रियता का असर ऐसा था कि भीड़ कार्यक्रम स्थल से सीधे उनके घर पर उमड़ पड़ी। नगर के विभिन्न मौहल्लों से लेकर दूर-दराज के गांवों तक से लोग बड़ी तादाद में सुबहान रविउद्दीन के आवास पर पहुंचे। लोगों ने वहां जलपान किया और संयोजक के साथ अपनी हमदर्दी जताई। इस दौरान माहौल पूरी तरह मिलनसार और भाईचारे से भरा रहा। कहा जाता



है कि सच्चा नेता वही होता है जिसके बुलावे पर लोग खुद चलकर आ जाएं और शुक्रवार को स्योहारा में यही दृश्य देखने को मिला। नगर के कई बुजुर्गों और समाज सेवियों में चर्चाएं हो रही है कि एक युवा नेता ऐसा भी है कि उसके किसी भी कार्यक्रम में इतनी भारी भीड़ अपने आप नहीं जुटी, जितनी इस बार सुबहान रविउद्दीन के बुलावे पर भीड़ उमड़ी लोगों में चर्चा रही कि सुबहान रविउद्दीन की शख्सियत में वह सादगी और अपनापन है जो सीधे लोगों के दिल को छू जाता है। उनकी बातों और उनके व्यवहार में एक ऐसी दिल को छू लेने वाली सच्चाई है, जिसकी वजह से लोग उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। भले ही कार्यक्रम प्रशासनिक कारणों से रोका गया, लेकिन सुबहान रविउद्दीन ने इस मौके को संवाद और एकता के प्रतीक के रूप में बदल दिया।

## तुलसीनिकेतन फ्लैट में लगी आग, बेहोश मिलीं मां-बेटी

**गाजियाबाद।** 25 अक्टूबर की रात 2:25 बजे तुलसीनिकेतन थाना क्षेत्र के 61। फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद वैशाली कंट्रोल रूम के माध्यम से तुरंत फायर टेंडर और पुलिस को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। एफएसओ राहुल पाल ने बताया कि घटना के समय घर बाहर से बंद थाऔर अंदर आग जोर पकड़ रही थी। एफएसओ ने बताया कि घटना के समय फ्लैट में मां- बेटी बेहोश मिलीं। दोनों को तत्काल दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एफएसओ राहुल पाल ने बताया कि जैसे ही थाना पुलिस की मदद से ताला तोड़ा गया, अंदर कमरे में रखा फ्रिज आग





की लपटों में जल रहा था और मकान में धुआं भरा हुआ था। फायर ब्रिगेड ने पंपिंग के जरिए आग पर काबू पाया और सभी खिड़कियां व दरवाजे खोले। धुआं हटने के बाद मकान की तलाशी ली गई तो फर्श पर महिला और छोटी बच्ची अचेत अवस्था में पड़ी मिलीं।

पड़ोसियों और पुलिस के सहयोग से महिला सब्बी परवीन (30 वर्ष) और बच्ची साइना परवीन (6 वर्ष) को तुरंत जीटीबी अस्पताल, दिल्ली ले जाया गया। महिला और बच्ची दो दिन पहले ही फ्लैट में किराए पर शिफ्ट हुए थे।

सब्बी परवीन के पति मो. जाकिर, जो बुलंदशहर निवासी हैं और ऑटो चलाकर परिवार की गुजर बसर करते हैं, घटना के समय घर पर नहीं थे। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर आग पर नियंत्रण पाया। मामले की जांच और आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

## छावनी में तब्दील हुआ यशोदा मेडिसिटी सेंटर के आसपास का एरिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी सेंटर के उद्घाटन समारोह से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को इस अस्पताल का शुभारंभ करने के लिए गाजियाबाद पहुंचेंगी। उनके आगमन से एक दिन पहले ही पुलिस- प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तैयारी शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों, कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है।

कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। इंदिरापुरम और आसपास के इलाकों में भारी सशस्त्र बल, पीएसी और पुलिस



फोर्स की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने संभाल रखी है। उन्होंने शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, वीआईपी मूवमेंट के रूट और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की योजनाओं की समीक्षा की गई।

आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ आसपास के होटलों, पार्किंग क्षेत्रों, बहुमंजिला इमारतों और मुख्य सड़कों पर भी तैनात किया गया है। इसके अलावा ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी की मदद से लगातार निगरानी रखी जा रही है। यातायात पुलिस ने भी रूट डायवर्जन की तैयारी की है, ताकि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। आम नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए वैकल्पिक मार्गों की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग और फायर ब्रिगेड की टीमों को भी अलर्ट मोड पर रखा है।

आपको बता दें कि यशोदा मेडिसिटी सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक बहु-विशेषता अस्पताल है, जो पूर्वी दिल्ली और गाजियाबाद क्षेत्र के लिए एक बड़ा स्वास्थ्य केंद्र साबित होगा। राष्ट्रपति के इस दौरे को लेकर शहर में उत्साह और सुरक्षा दोनों का माहौल है। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए हर संभव इंतजाम किए गए हैं।

## भोजपुर फर्जी एनकाउंटर मामले में विवेचक को किया तलब

**गाजियाबाद।** शुक्रवार को भोजपुर चौराहा फर्जी एनकाउंटर मामले में विशेष सीबीआई अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले में अदालत ने केस के विवेचक को तलब किया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 नवंबर की तारीख लगाई है। थाना भोजपुर क्षेत्र के मछरिया गांव की पुलिया पर पुलिस ने 8 नवंबर 1996 को एनकाउंटर में चार युवकों को मार गिराया था।

मुठभेड़ का मैसेज वायरलेस सेट पर जारी होने के बाद मोदीनगर में तैनात एएसपी ज्योति बेलूर भी मौके पर पहुंच गई थी। आरोप है कि उनकी सरकारी रिवॉल्वर से भी गोली चलाई गई थी।

एनकाउंटर में मारे गए युवकों की पहचान अगले दिन मोदी नगर निवासी प्रवेश, जसवीर, जलालुद्दीन और अशोक के रूप में हुई थी।

इस बात का पता चलने पर मोदीनगर के लोगों ने हाईवे पर जाम लगाकर सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी। सरकार के आदेश पर जांच शुरू हुई। सीबीआई ने एनकाउंटर को फर्जी मानते हुए मामले में एएसपी ज्योति बेलूर को भी आरोपी बनाया गया था। इसके बाद ज्योति बेलूर देश छोड़कर इंग्लैंड चली गई थी।

सीबीआई अदालत कई बार ज्योति बेलूर के खिलाफ गैर जमानती वारंट और कुर्की आदेश कर चुकी है। सीबीआई उसे लाने में विफल रही है।

शुक्रवार को अदालत ने ज्योति बेलूर के मामले में जानक. ारी हासिल करने के लिए विवेचक को तलब किया है। ति बेलूर के मामले में जानकारी हासिल करने के लिए केस के विवेचक को तलब किया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. )**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव पी.सी.एस.-जे**
**( सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10 )**
**मूल वाद सं. 1054 / 2024**
**( कम्प्यूटर सं. 1114 / 2024 )**

1. ललित मित्तल पुत्र श्री विजेन्द्र नारायण मित्तल, 2. विशाल मित्तल पुत्र श्री विजेन्द्र नारायण मित्तल, 3. श्रीमती सपना मित्तल पत्नी श्री ललित मित्तल, समस्त निवासीगण मकान नं-371, रामनगर किराना मण्डी गाजियाबाद, हाल निवासी थर्ड एम-10, नेहरूनगर गाजियाबाद, तहसील व जिला गाजियाबाद।

...वादीगण

**बनाम**

1. श्री मोहनलाल पुत्र स्व. श्री राम सहाय, निवासी-162, चौकी बस स्टैण्ड गोरधनपुरा, ग्राम गोरधनपुरा, तहसील कोटपुतली जिला जयपुर राजस्थान-303108, 2. नरेश जोशी पुत्र श्री मोहन लाल शर्मा, निवासी-162, चौकी बस स्टैण्ड गोरधनपुरा ग्राम गोरधनपुरा तहसील कोटपुतली जिला जयपुर राजस्थान-303108, 3. मुकेश पुत्र मोहन लाल शर्मा, निवासी- एस.एफ. 74 शास्त्रीनगर गाजियाबाद जिला गाजियाबाद (उ. प्र.), 4. प्रेरणा पत्नी स्व. दिनेश शर्मा, निवासी हिंद स्टोर न्यू गांधीनगर गाजियाबाद जिला गाजियाबाद। 5. अनीता शर्मा पत्नी स्व. लोकेश शर्मा, निवासी- ए-2/1, मकान नं.-280, नन्दग्राम, गाजियाबाद जिला गाजियाबाद। 6. यतेन्द्र शर्मा पुत्र स्व. लोकेश शर्मा, निवासी दुकान नं.-2, अहाता आत्माराम रमतेराम रोड गाजियाबाद, जिला गाजियाबाद। 7. दिव्या शर्मा पत्नी यतेन्द्र शर्मा, निवासी मकान नं. डी-88, सैक्टर-9, विजयनगर गाजियाबाद, जिला गाजियाबाद।

...प्रतिवादीगण

ललित मित्तल पुत्र श्री विजेन्द्र नारायण मित्तल आदि ने श्री मोहनलाल पुत्र स्व. श्री राम सहाय आदि, आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते व्यादेश की डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 30.11.2025 को दिन में प्रात: 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद / आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 17.10.2025 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी.डि. ) गाजियाबाद।**

## बसपा ने गाजियाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मोहित को किया पार्टी से बाहर

**गाजियाबाद।** बसपा की गाजियाबाद जिला यूनिट ने पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र मोहित को पार्टी विरोधी गति. विधियों में शामिल होने व लगातार अनुशासनहीनता अपनाने के कारण बसपा से निष्कासित कर दिया है। इस बारे में बसपा के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार जाटव ने एक प्रेसनोट जारी करते हुए जानकारी दी। जाटव ने बताया कि यह कार्रवाई करने से पहले नरेन्द्र मो. हित को कई बार चेतावनी देते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों व अनुशासनहीनता ना करने के लिए भी कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद उनकी गतिविधियों व कार्यशैली आदि में कोई सुधार नहीं आया। जिसके बाद यह एक्शन लिया गया। आगे जाटव ने कहा कि इसी वजह से पार्टी व मूवमेन्ट हित में शुक्रवार को नरेन्द्र मोहित को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। बता दें कि इससे दो दिन पहले ही नरेन्द्र मोहित को जिला अध्यक्ष के पद से हटाया गया था।

## महाराज रणवीर सिंह रुहेला की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ओम साई संतपुरा स्थित कृष्ण रुहेला के आवास पर महाराज रणवीर सिंह रुहेला की जयंती बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण रुहेला के नेतृत्व में किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो रुहेला गणमान्य व्यक्ति, समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि र्पण से हुई, जिसे रामनिवास रुहेला, नरेश रुहेला, श्रीनिवास रुहेला और शिवकुमार रुहेला द्वारा संपन्न किया गया। इसके पश्चात् समाज के विभिन्न वक्ताओं ने महाराज रणवीर सिंह रुहेला के



जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि महाराज रणवीर सिंह रुहेला केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि न्याय, समानता और समाज सुधार के प्रतीक थे। उन्होंने सदैव समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाई और पने ादर्शों से समाज को नई दिशा दी। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस वसर पर समाज के युवाओं ने एकजुट होकर समा. जिक एकता, शिक्षा और संगठन के महत्व पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे: कृष्ण रुहेला, राम. निवास रुहेला, नरेश रुहेला, श्रीनिवास रुहेला, शिवकुमार रुहेला, ईश्वर रुहेला, नीरज रुहेला, जय रुहेला, भूषण रुहेला, दीपक रुहेला, विपिन रुहेला, मनोज रुहेला, संजय रुहेला, क्ष रुहेला, पार्थ रुहेला, मन रुहेला, सुनील रुहेला, सुनील रुहेला, नुज रुहेला, कुलदीप रुहेला, हरि रुहेला, सचिन रुहेला, आदि समाज के सैकड़ो रुहेला बन्धु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया मिनी रिसाइक्लर मशीन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि अब राजधानी में सीवर लाइनों की सफाई का कार्य अति आधुनिक मशीनों से भी किया जाएगा। ये नई मिनी रिसाइक्लर मशीनें संकरी सड़कों और गलियों में भी आसानी से प्रवेश कर सकेंगी और सीवर लाइनों से गाद निकालने के अलावा उसकी सफाई भी कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने आज शालीमार बाग विधानसभा स्थित वैशाली में इस नई तकनीक की मशीन को जनता को समर्पित किया और बताया कि सरकार ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग के लिए फिलहाल 16 नई स्मॉल रीसाइक्लर मशीनें मंगाई हैं। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि उनकी सरकार




पर्यावरण संरक्षण और शहरी बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि ये अत्याधुनिक पोर्टेबल मशीनें सीवर लाइनों की सफाई, गाद निष्कासन, जेटिंग और सक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों से लैस है। इस मशीन के उपयोग से सीवर सफाई कार्य अब अधिक प्रभावी, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की 16 मशीनों को ऑर्डर दिया जा चुका है। जरूरत के हिसाब से और मशीनों भी खरीदी जाएंगी। ये मशीनें विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में बढ़ने वाली सीवर ब्लॉकेज समस्याओं के त्वरित समाधान में बेहद उपयोगी साबित होंगी। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद, जनप्रतिनिधि, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली क्षेत्र की जनता लंबे समय से सड़कों, नालों और सीवर से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही थी, जिनका अब स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज क्षेत्र में दो करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सीवर लाइन और वॉल-टू-वॉल आरएमसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को जलभराव, सीवर जाम और टूटी सड़कों जैसी समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार ने हाल ही में बिजली रखरखाव (मेंटेनेंस) के लिए भी एक अत्याधुनिक मशीन खरीदी है, जो बिना बिजली काटे और लाइन बाधित किए चलती लाइन पर ही मरम्मत कार्य करने में सक्षम है।

# जल संगम से जन संगम अभियान का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दल्ली सरकार ने भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी अभियान @Sardar /150" के अंतर्गत इस ऐतिहासिक अवसर को गर्वपूर्वक मनाने का निर्णय किया है।

यह अभियान जन भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के विचार को सशक्त बनाता है और ष्अमृत पीढ़ीष को सरदार पटेल के एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के आदर्शों से जोड़ने का उद्देश्य रखता है।

इस अवसर पर आज सोनिया विहार यमुना घाट पर "जल संगम से जन संगम ख्र एकता के उत्सव" का



शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। जिसमें दिल्ली के सरकारी विद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों सहित 150 उत्साही स्वयंसेवकों ने पवित्र यमुना जल एकत्र किया।

यह एकत्रित यमुना जल देशभर की 25 सांस्कृतिक रूप से महत्त्वपूर्ण नदियोंख्रकश्मीर से कन्याकुमारी तकख्रप्रवाहित किया जाएगा जो राष्ट्रीय एकता और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इसके पश्चात उन नदियों से लाया गया पवित्र जल दिल्ली वापस लाया जाएगा जहाँ 31 अक्तूबर 2025 को पटेल चौक स्थित सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर जल अभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा जो इस ऐतिहासिक अभियान का समापन दिवस होगा।

अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जब भारत आजाद हुआ तब 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर सरदार पटेल ने जो कार्य किया, वही राजनीतिक इच्छाशक्ति आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने दिखाई है।

# छठ पर्व पर सोमवार को सरकारी अवकाश रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि छठ पर्व के अवसर पर सोमवार 27 अक्टूबर को सरकारी अवकाश रहेगा।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस पर्व पर सोमवार को इसलिए अवकाश किया जा रहा है, क्योंकि चार दिन के इस पर्व के तीसरे दिन व्रती सूर्यास्त के समय नदी या तालाब के किनारे जाकर अस्तगामी सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। यह छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन सुबह से ही तैयारी शुरू हो जाती है और पूरा परिवार किसी ने किसी कार्य को पूरा करने में लगा रहता है। मुख्यमंत्री के अनुसार इसी तथ्य को ध्यान में सरकार ने सोमवार 27 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश किया गया है।

मुख्यमंत्री ने इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी ओर कहा है कि छठ पर्व्र प्रकृति को समर्पित पर्व है, जिसमें सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था, श्रद्धा और स्वच्छता का प्रतीक भी है, जो हमें प्रकृति, जल और सूर्य की उपासना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व लोक आस्था और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा का उत्सव है, जिसमें परिवार, समाज और समुदाय एक साथ जुड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सभी छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की है, ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर पूजन कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को और सुदृढ़ बनाएगा।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर नवीनीकृत टर्मिनल 2 का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे के पुनर्निर्मित टर्मिनल दो (टी2) का उद्घाटन किया, जो रविवार से चालू हो जाएगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा चार दशक पहले निर्मित टर्मिनल दो को इस वर्ष अप्रैल में नवीनीकरण कार्यों के लिए बंद कर दिया गया था। इसकी वार्षिक क्षमता 1.5 करोड़ यात्रियों को संभालने की है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) जो देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है। इसमें तीन टर्मिनल- टी1, टी2 और टी3, और चार रनवे हैं। यह प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है। उद्घाटन समारोह में, डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हवाई अड्डे की वार्षिक यात्री क्षमता 10 करोड़ से अधिक है।



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में रानी चेन्नम्मा की कित्तूर युद्ध में ऐतिहासिक विजय की 200वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में स्मारक सिक्का जारी करते हुए।

# स्कूल में पहली कक्षा में दाखिले के लिए उम्र में हुआ बदलाव, सर्कुलर जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्कूलों में पहली कक्षा में दाखिला छह वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को मिलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत फाउंडेशनल स्टेज में पुनर्गठन को लेकर सूचना जारी कर दी गई है। फाउंडेशनल स्टेज में कक्षाओं की संख्या दो से बढ़ाकर अब तीन कर दी गई है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा ने सर्कुलर जारी किया है। सरकारी से लेकर निजी स्कूल प्रमुखों को इसकी सूचना अभिभावकों को देने के निर्देश जारी किए है। मौजूदा समय में फाउंडेशनल स्टेज में नर्सरी और केजी कक्षा शामिल है। दाखिला के लिए नर्सरी के लिए तीन वर्ष, केजी के लिए चार वर्ष और पहली कक्षा में पांच वर्ष से अधिक उम्र का प्रावधान है। मगर, अब फाउंडेशनल स्टेज में कक्षाओं की संख्या बढ़ने से पहली कक्षा में दाखिला छह वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को मिलेगा। निदेशालय के अनुसार नए सत्र के लिए नर्सरी (बालवाटिका 1/प्री स्कूल 1) कक्षा में दाखिला के लिए उम्र तीन वर्ष से अधिक से लेकर चार वर्ष तक, लोअर केजी (बालवाटिका 2/प्री स्कूल 2) कक्षा में दाखिला के लिए उम्र चार वर्ष से अधिक से लेकर पांच वर्ष तक, अपर केजी (बालवाटिका 3/प्री स्कूल 3) कक्षा के लिए उम्र पांच वर्ष से अधिक से लेकर छह वर्ष तक और पहली कक्षा में दाखिला के लिए उम्र छह वर्ष से अधिक से लेकर सात वर्ष तक की उम्र दाखिला का मानदंड होगा।

निदेशालय ने स्पष्ट किया है शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा नर्सरी से लेकर पहली के मौजूदा छात्रों पर उम्र के यह नियम लागू नहीं होंगे। दाखिला के संबंध में स्कूल नर्सरी से लेकर पहली कक्षा के लिए उम्र में एक महीने की छूट दे सकेंगे। सर्कुलर के अनुसार अगर किसी छात्र ने मान्यता प्राप्त स्कूल से वैध मार्कशीट के साथ पिछली कक्षा उत्तीर्ण की है और अगली कक्षा में दाखिला के लिए उम्र संबंधी मानदंड में छूट दी जाएगी।

## हत्या के वांछित को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी थी और वह पहले भी हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और शस्त्र अधिनियम सहित चौदह जघन्य मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर अमित सोलंकी के नेतृत्व में टीम ने खुफिया जानकारी एकत्र कर वांछित अपराधी विजय कुमार महतो को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी विजय महतो सीतामढ़ी और बिहार के आसपास के जिलों में जबरन वसूली, डकैती और संगठित हिंसक अपराधों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

# सत्या शर्मा ने लोहे वाले पुल पर स्वच्छता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने आज छठ पूजा के अवसर पर लोहे वाले पुल पर

स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वे छठ महापर्व के दौरान स्वच्छता बनाए रखें एवं स्वच्छ दिल्ली के संकल्प को साकार करने में सहयोग करें।इस अवसर पर उनके साथ शाहदरा (दक्षिणी) जोन के उपायुक्त श्री बादल कुमार तथा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वच्छता अभियान के पश्चात् श्रीमती शर्मा ने लोहे वाले पुल के समीप स्थित छठ घाट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने निगम द्वारा की गई



तैयारियों का जायजा लिया, जिनमें घाटों की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था, फॉगिंग शामिल रही।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाटों पर अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से तैनात किया जाए ,साथ ही घाटों पर कचरा उठाने, प्रकाश व्यवस्था तथा फॉगिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम

यह सुनिश्चित करेगा कि सभी छठ घाट स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक रहें। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली के हर छठ घाट पर जो भव्य आयोजन हो रहा है, वह दिल्ली की सांस्कृतिक एकता और आस्था का प्रतीक है। दिल्ली नगर निगम का यह प्रयास है कि सभी घाटों पर बेहतर सुविधाएँ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित कर इस पर्व को सफल बनाया जाए।

## आर्म्स सप्लायर 'कोकू पहाड़िया' गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के महरौली थाने के स्टाफ ने आर्म्स सप्लायर "कोकू पहाड़िया" को ब्रीफ एक्सचेंज ऑफ फायर के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हो गया ।दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि हेड कांस्टेबल रविंदर को अवैध हथियार सप्लाई में शामिल एक कुख्यात अपराधी कनिष्क उर्फ "कोकू उर्फ " विशाल उर्फ "कोकू पहाड़िया (27) के बारे में मगुप्त सूचना मिली थी। इस मुठभेड़ के दौरान, गोलियां एसआई नवीन और हेड कांस्टेबल रविंदर के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं। टीम द्वारा आत्मसमर्पण करने की बार-बार चेतावनी के बावजूद, हमलावर ने गोलीबारी जारी रखी।

## हाईवे पेट्रोलिंग टीम पर गोलीबारी करने वाले तीन आरोपी एक्सचेंज ऑफ फायर के बाद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के नांगलोई थाने और स्पेशल स्टाफ ने एक्सचेंज ऑफ फायर के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल, दो पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और पांच खाली कारतूस बरामद किए है। आरोपियों ने इससे पहले नांगलोई हाईवे पेट्रोलिंग टीम पर गोलीबारी की थी। आरोपी पहले कई मामलों में शामिल रहे हैं।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 22.अक्टूबर की सुबह लगभग 3:25 बजे, नांगलोई थाने के हेड कांस्टेबल राजीव, कांस्टेबल सुधीर और खुशीराम ने एक होंडा सिटी कार से 3-4 लोगों को एक हार्डवेयर की दुकान में चोरी की कोशिश करते देखा। जब उन्हें चुनौती दी गई, तो संदिग्ध कार में भाग गए। गश्ती दल ने पीछा कर उसमें सवार लोगों को रुकने का इशारा किया। हालाँकि, सह-चालक की सीट पर बैठे एक आरोपी ने मंगोलपुरी फ्लाईओवर के पास पीछा कर रही टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना के संबंध में नांगलोई थाने के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।इसी बीच 25.अक्टूबर की तड़के, नांगलोई थाने के गश्ती दल को एक राहगीर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति किराड़ी मोड़ के पास हथियार लेकर बाइक पर किसी अपराध को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं।इस सूचना पर एसीपी नांगलोई नरेश सोलंकी और एसीपी ऑपरेशन जयप्रकाश की देखरेख में संयुक्त टीम ने प्रेम नगर क्रॉसिंग के पास संदिग्धों को देखा।

## यंगून से आई महिला के पास मिले सोने के छह बिस्किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों को एक महिला के पास से सोने छह बिस्किट मिले हैं। इनका वजन करीब एक किलो है। सोना जब्त कर लिया गया है और महिला से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर दिल्ली सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को उड़ान संख्या 8एम 620 से यांगून से आ रही एक महिला यात्री को रोका। यात्री को ग्रीन चौनल से बाहर निकलने की कोशिश करते समय रोका गया, जो उन लोगों के लिए है जिनके पास घोषित करने के लिए कोई शुल्क योग्य सामान नहीं है। व्यक्तिगत तलाशी लेने पर, अधिकारियों ने यात्री के अंतर्वस्त्रों में छिपाकर रखे गए 997.5 ग्राम वजन के छह सोने के बिस्किट बरामद किए।

## मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। एमसीडी के एमटीएस कर्मियों की हड़ताल से घरों व अन्य परिसरों में मच्छरों के लार्वा की जांच नहीं हो पा रही है। वहीं, लोगों को जागरूक करने का कार्य भी ठप हो गया है। एमटीएस कर्मचारी 29 सितंबर से हड़ताल पर जाने के साथ-साथ एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर के समक्ष धरना दे रहे हैं। एमटीएस की हड़ताल शुरू होने से पहले 27 सितंबर तक मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रति सप्ताह लगभग 9.5 लाख घरों का निरीक्षण चल रहा था। इस दौरान करीब 11 हजार परिसरों में मच्छर का लार्वा मिला था। जागरूकता गतिविधियों के जरिए लोगों को घरों और आसपास की साफ-सफाई पर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया जा रहा था।

लेकिन एमटीएस की हड़ताल से 11 अक्तूबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह करीब 75 हजार घरों की ही जांच हो सकी। इनमें केवल 1,100 परिसरों में लार्वा मिला। वहीं 18 अक्तूबर को जारी रिपोर्ट में देखा गया कि 12 से 18 अक्टूबर के बीच सिर्फ 73 हजार परिसरों की जांच हो पाई, जिसमें लगभग 1,000 परिसरों में ही लार्वा पाया गया।

अब मच्छरजनित बीमारियों के मामलों में भी इजाफा दर्ज किया गया। एमसीडी की रिपोर्ट के अनुसार, 27 सितंबर को समाप्त हुए सप्ताह में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के 121 मामले सामने आए थे। 18 अक्तूबर को समाप्त हुए सप्ताह में इन मामलों की संख्या बढ़कर 149 हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि मच्छर नियंत्रण में किसी भी प्रकार की देरी गंभीर परिणाम ला सकती है। घरों में जमा पानी और लार्वा अनियंत्रित रहने पर मच्छर जनित बीमारियों का प्रसार तेजी से हो सकता है।

# महापौर ने शालीमार बाग व पीतमपुरा क्षेत्र में छठ घाटों का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दिल्ली नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। इन्हीं तैयारियों के मद्देनजर आज दिल्ली के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शालीमार बाग, प्रेम बड़ी पुल, हैदरपुर तथा पीतमपुरा क्षेत्रों में स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री योगेश वर्मा, क्षेत्रीय उपायुक्त श्री संदीप कुमार, तथा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी छठ घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, फॉगिंग, जल निकासी और कचरा प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष सफाई टीमें तैनात की जा



रही हैं, जो लगातार घाटों की सफाई एवं कचरा उठाने का कार्य करेंगी ताकि किसी को असुविधा न हो।

महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा प्रति वार्ड 40,000 की राशि छठ घाटों पर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु जारी की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को शाम और रात्रि के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बेहतर रोशनी की व्यवस्था से विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

महापौर ने यह भी कहा कि दिल्ली नगर निगम के सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण प्राप्त हो।

महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने आगे कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में इस वर्ष छठ महापर्व के आयोजन के लिए अभूतपूर्व तैयारियाँ की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि "छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक एकता और सामुदायिक सद्भाव का भी प्रतीक है।"

महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम का उद्देश्य है कि हर व्रती एवं श्रद्धालु इस पावन पर्व को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कर सके।

## श्रद्धालु स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में मनाएं छठ पर्व : प्रवेशवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने आज दिल्ली भाजपा के पदाधिकारियों के साथ बख्तावरपुर पुल के पास यमुना घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर नरेला जोन के सहायक आयुक्त, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री विनोद सहारावत, स्थानीय निगम पार्षद एवं निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान श्री प्रवेश वाही ने घाट पर सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि घाट का स्वरूप अब पहले की तुलना में काफी स्वच्छ और सुव्यवस्थित नजर आ रहा है। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं यमुना जल में आचमन भी किया।

नेता सदन श्री वाही ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम और भाजपा कार्यकर्ता मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि श्रद्धालु स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में छठ पर्व मनाएं।

इस अवसर पर वाघ्ही ने माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की कार्यशैली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में स्वच्छता और विकास कार्यों की गति तेज हुई है। उनके निर्देश पर दिल्ली नगर निगम की टीमें दिन-रात मेहनत कर रही हैं ताकि राजधानी के सभी छठ घाट श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप में तैयार किए जा सकें।

# समाज कल्याण मंत्री ने किया छह गांवों में हाई मास्ट लाइटों का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने पंजाबखोर, जटखोर, कुतुबगढ़, बाजितपुर ठाकरान, नांगल ठाकरान और दरियापुर गांवों में विधायक निधि से स्थापित हाई मास्ट लाइटों का स्थानीय निवासियों के साथ लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह पहल न सिर्फ विकास की दिशा में एक कदम है बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता सुधारने का भी प्रयास है। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन गांवों में लंबे समय से अंधेरा छाया रहता था, जिससे शाम के समय आवागमन में कठिनाई होती थी। अब हाई मास्ट



लाइटों के लगने से न केवल मुख्य चौक-चौराहे रोशन होंगे, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी राहत मिलेगी। साथ ही स्थानीय मैदानों में अंधेरा दूर होने से रात्रिकालीन प्रैक्टिस में खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना और समाज की अंतिम पंक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने कहा कि गांवों में लगातार सड़कों, स्ट्रीट लाइटों, पार्कों और सामुदायिक भवनों का विकास कार्य किया जाएगा। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार गांवों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण विकास के बिना विकसित दिल्ली लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। विकसित गाँव ही विकसित दिल्ली की ताकत बनेंगे।

# कृत्रिम बारिश को लेकर विपक्ष ने उठाए सरकार पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए गए क्लाउड सीडिंग ट्रायल पर कई गंभीर सवाल खड़ा किया है।

पार्टी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा क्लाउड सीडिंग करने का किया जा रहा दावा यकीन के योग्य नहीं है, क्योंकि भाजपा जिसे ऐतिहासिक बता रही है, उसे चोरी-छिपे क्यों किया गया? अगर ट्रायल हुआ तो एसओपी का पालन क्यों नहीं हुआ, क्षेत्रीय विधायक व जनता को इसके प्रभावों के बारे में क्यों नहीं बताया गया और बुराड़ी को ही क्यों चुना?

पार्टी ने यह भी कहा कि क्लाउड सीडिंग में उपयोग सिल्वर आयोडाइड की मात्रा अगर बढ़ जाए तो आंख, सांस व त्वचा को हानि नुकसान पहुंचा सकती है। बुराड़ी में अधिकांश लोग यूपी-बिहार के हैं, जिन्हें भाजपा दोयम दर्जे की मानती है। क्या इसीलिए ट्रायल के प्रभाव को छिपाया गया? वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदूषण से जंग में भाजपा सरकार क्लाउड सीडिंग के जरिये करदाताओं के करोड़ों रुपये बर्बाद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम वर्षा के द्वारा दिल्ली के दमघोटू और खतरनाक प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के प्रयास में रेखा गुप्ता सरकार ने यह सुनिश्चित ही नहीं किया है कि इससे कितनी सफलता मिलेगी। विशेषज्ञों की मानें तो इसकी सफलता के साथ-साथ नुकसान की भी आशंका है। बादलों में डाले जाने वाला सिल्वर आयोडाइड कम विषैला है लेकिन इसके एक्सपोजर से सांस, अस्थमा के मरीजों को नुकसान होगा।

# दिल्ली के आसमान में धुंध, वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार चिंताजनक बना हुआ है। सीपीसीबी के अनुसार, आज सुबह आनंद विहार क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 412 दर्ज किया गया, जो बीते कई दिनों से लगातार बना हुआ है। दिल्ली के कई हिस्सों में एक्यूआई 'बेहद खराब' श्रेणी में बना हुआ है।

दीपावली के बाद से लगातार बेहद खराब श्रेणी में बरकरार हवा में शुक्रवार को थोड़ा सुधार आया। हवा की रफ्तार तेज होने से वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब से खराब श्रेणी में पहुंच गया। एक्यूआई 284 दर्ज किया गया। इसमें बृहस्पतिवार के तुलना में 30 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई ।

एनसीआर में दिल्ली के बाद गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 269 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने रविवार को हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका जताई है। दिल्ली से सटे फरीदाबाद शहर में शनिवार सुबह 8 बजे एक्यूआई इतना दर्ज किया गया। फरीदाबाद एनआईटी में 229, सेक्टर 30 में 167, बल्लभगढ़ में 188 दर्ज हुआ है। फरीदाबाद क्षेत्र में स्थित सेक्टर-11 और सेक्टर 16 ए की एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग मशीन प्रदूषण का डेटा नहीं दिखा रही है।

बता दें कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू हो चुका है ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण के लिए अलग-अलग विभागों की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। संभवत: इसी वजह से कुछ राहत दिखाई दे रही है लेकिन यह राहत नाकाफी है क्योंकि ऑरेंज जोन में दर्ज हो रहा एक्यूआई सेहत के लिए हानिकारक ही साबित होता है। अगले दो दिन में हवाओं का रुख बदलने से प्रदूषण स्तर में फिर बढोतरी हो सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हुआ पालन

# सेंट्रल मार्केट की दुकानों पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आखिर वही हुआ जिसका पिछले काफी समय अंदाजा लगाया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सेंट्रल मार्केट का ध्वस्तीकरण पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हो गया। हालांकि इस दौरान व्यापारी वर्ग अपनी आंखों में आंसू लिए सब कुछ देखता रहा। लेकिन, पुलिस की सख्ती के बाद एक के बाद एक दुकानों को जेसीबी ध्वस्त करती चली गई। बता दें कि, आवास विकास ने यह कार्रवाई 661/6 परिसर पर की है। जिसमें करीब 10 दुकानें बनी हुई है।

इससे पहले पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह से सेंट्रल मार्केट को घेराबंदी कर सभी रास्ते बंद कर दिए थे और सभी जगह कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। वहीं, सुरक्षा के मध्य नजर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी बुला लिया गया था। जबकि ड्रोन कैमरे से भी वीडियो ग्राफी की गई। हालांकि आने वाले दिनों में और कौन–कौन सी दुकानों पर कार्रवाई होनी है यह जल्द ही मालूम चल जाएगा। लेकिन, कहीं न कहीं व्यापारियों का दर्द सबके सामने है और व्यापारी सिर्फ यही कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि अब उन अधिकारियों पर भी कार्यवाही हो जिन्होंने पैसे लेकर इन दुकानों को बनवाया था। बता दें कि, पिछले कई आदेशों के बाद शहर की चर्चित सेंट्रल मार्केट में बने अवैध निर्माण पर अब बुलडोजर चल गया। आवास विकास परिषद ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में शनिवार सुबह से ध्वस्तीकरण अभियान चलाने की पूरी तैयारी कर ली थी। शुक्रवार को विभाग की टीम ने लाउडस्पीकर से घोषणा करते हुए स्पष्ट कर दिया कि, शनिवार को मार्केट को पूरी तरह गिराया जाएगा। वहीं, घोषणा होते ही मार्केट में




अफरा–तफरी और तनाव का माहौल बन गया। व्यापारी रातभर अपनी दुकानों से सामान निकालते नजर आए। यह कार्रवाई प्लॉट नंबर 661/6 पर स्थित एक बड़े कॉम्प्लेक्स में की गई, जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक दुकानें मौजूद हैं। शुक्रवार को आवास विकास की टीम ने मौके पर जाकर व्यापारियों को अंतिम नोटिस थमाया और सुबह तक परिसर खाली करने के निर्देश दिए। दरअसल, शास्त्री नगर के सेंट्रल मार्केट से जुड़ा यह विवाद कई वर्षों से अदालत में विचाराधीन है। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित है। आवास विकास विभाग ने पूर्व में दिए गए न्यायालय के आदेशों के पालन में कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लिया था। इस कदम से प्रशासनिक और व्यापारिक दोनों हलकों में हलचल मच गई। व्यापारियों का कहना है कि, उन्होंने वर्षों की मेहनत से व्यवसाय खड़ा किया, लेकिन अब सब कुछ उजड़ने जा रहा है। वहीं, आवास विकास विभाग का कहना है कि अवैध निर्माण हटाना अनिवार्य है, ताकि नियमानुसार विकास योजनाओं को लागू किया जा सके। शनिवार सुबह से ही ध्वस्तीकरण टीम, भारी पुलिस बल और जेसीबी मशीनें मौके पर तैनात रही। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी।

### भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मेरठ।** भाकियू महात्मा टिकैट के जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने कहा कि ग्राम कंचनपुर के किसानों के बॉड 2011 तक चलते आ रहे थे जिन्हें अचानक बंद कर दिया गया है इन बॉड को दोबारा चलाया जाए इसके अलावा किनौनी शुगर मिल जो किसानों का सबसे लेट पेमेंट करता है उसको निर्देशित किया जाए कि किसानों का पेमेंट जल्द से जल्द करें इसके अलावा जो किसान केंद्र पर गन्ना डालते हैं, उनका सेंटर का किराया नहीं काटा जाए। किसानों के लिए हर मिल में चाय पानी व विश्राम की उचित व्यवस्था कराई जाए इस दौरान भाकियू महात्मा टिकैट के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्या को एक्सीडेंट बता रही है सदर पुलिस, विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के फाजलपुर निवासी सन्नी पुत्र कमल सिंह की 19 अक्टूबर को शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस के अनुसार यह एक्सीडेंट था लेकिन परिजन जब बॉडी को लेकर घर पहुंचे तो उसके शरीर पर चोट के निशान थे। परिजनों ने इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी कंकरखेड़ा पुलिस ने सदर थाने क्षेत्र में शव होने की बात कह कर परिजनों को सदर थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही परिजनों ने सदर थाने में हत्या की तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस सनी प्रकरण में हत्या मानने को तैयार नहीं है साथ ही वहां के सीसीटीवी फुटेज नहीं देखा रही है और परिजनों को बाहर से ही टरका देती है। शनिवार को परिजन एकत्र होकर कमिश्नरी चौराहे पर पहुंचे



**कमिश्नरी चौराहे पर विरोध दर्ज कराते मृतक के परिजन।**

जहां उन्होंने सड़क पर बैठकर इसका विरोध किया। सन्नी की मां का रो–रो कर बुरा हाल था उसका कहना था कि जब तक उसके बेटे को इंसाफ नहीं मिलेगा वह चैन से नहीं बैठेंगे।

## उधार के पैसे मांगने पर की थी सोहित की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव पसवाड़ा निवासी सोहित मलिक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। सोहित मलिक की हत्या उसके दोस्त ने उधारी रकम मांगने पर की थी। वहीं पुलिस ने आरोपी को शरण देने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद किया है। आपको बता दे कि बीती 28 अगस्त से लापता परीक्षितगढ थाना क्षेत्र के ग्राम पसवाड़ा निवासी सोहित मलिक पुत्र सुदेशपाल का शव किठौर क्षेत्र में बीती 9 अक्टूबर को ट्यूबवेल की छत पर सड़ी गली अवस्था में मिला था। शव की पहचान मृतक के परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर कपड़ों से की थी।

जिसके बाद परिजनों ने किठौर के गांव अमरपुर निवासी निखिल उर्फ निक्कू पुत्र सुनील पर घर से बुलाकर ले जाने और हत्या का आरोप लगाया था। घटना के बाद से पुलिस लगातार खुलासे का प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने अमरपुर निवासी निखिल उर्फ निक्कू को कैलीरामपुर स्थित मंशा देवी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपी को शरण देने वाले मुजफ्फरनगर के भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी शेखर उर्फ सन्नी को अल्लीपुर आलमपुर मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी निखिल ने बताया कि सोहित ने उधारी



रकम को लेकर उसकी मां से गाली गलौज की थी। जो उसके नागवार लगी। जिसके बाद वह सोहित को अपने साथ किठौर क्षेत्र में स्थित एक ट्यूबवेल की छत पर ले गया। जहां उसे शराब पिलाई। अधिक नशा होने पर उसने हथौड़े से सिर पर वार कर हत्या कर दी। जिसके बाद भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी शेखर उर्फ सन्नी ने उसे बचने के लिए शरण दी। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद कर लिया। आपको बता दे कि हत्यारोपी निखिल पहले भी दुष्कर्म के एक मुकदमे में जेल जा चुका हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

## कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन रालोद के रणबीर दहिया ने दिये पुरस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सिवाल खास विधानसभा के ग्राम रासना में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। रालोद नेता रणबीर दहिया ने खिलाड़ियों को पुरूस्कार दिये। पुरूस्कार पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। रालोद नेता ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता होती रहनी चाहिये। जिसमें मुख्य रूप से अनंत त्यागी, जानू त्यागी, अनिकेत त्यागी, नमन त्यागी, आदेश त्यागी, योगेश त्यागी, टिंकू त्यागी, शिवा शर्मा, हरि शर्मा व सैय्यद हसन आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक माछरा ग्राम रछौती में घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर हुई चर्चा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता चौपाल (17 अक्टूबर से तीन नवम्बर तक) कार्यक्रम आयोजित किये जाने के क्रम में माछरा ग्राम रछौती में घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुये इसके प्रभाव के बारे में बताया एवम् महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, सभी हेल्प लाइन नंबर बताए।

# छात्रा माहेबा मिर्जा ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को युवा कल्याण एवमं प्रादेशिक विकास दल विभाग, मेरठ द्वारा विधायक खेल स्पर्धा विधान सभा क्षेत्र सरधना वर्ष 2025–26 खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज लावड़ के मैदान में किया गया। जिस में के.के पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा माहेबा मिर्जा पुत्री डॉ. फुरकान अहमद सरधानवी ने बैडमिंटन विधा की सब जूनियर केटेगरी में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा बालक वर्ग में के. के. के ही कक्षा 8 के छात्र एराफ हसन पुत्र तारिक हसन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर गौरव कुमार कार्यक्रम प्रभारी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवम प्रादेशिक विकास दल




अधिकारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दोनों विजेताओं माहेबा मिर्जा एवम एराफ हसन को मेडल पहना कर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर स्कूल के मैनेजर सुशील कुमार, सचिव संजीव कुमार, प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम कुमार सहित समस्त स्कूल स्टाफ ने बधाई दी।

## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

**छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 26.10.2025 एवं 27.10.2025 को पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–**

**दिनांक 26.10.2025 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02254 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान, एग्ज. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुल्तानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बंदेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 02878 | आनन्द विहार (ट.) | 04:00 | रांची | 05:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, नबीनगर रोड, जपला, गढ़वा रोड जं., डाल्टनगंज, लातेहार, तोरी, बरका काना एवं मुरी |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 02392 | आनन्द विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:40 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ जंक्शन, टुंडला जंक्शन, इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णिया कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, शिशो हॉल्ट, सकरी जं., झंझारपुर जं., घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज एवं बनमनखी जं. |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद | 13:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04404 | शकूरबस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, गोविदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04406 | शकूरबस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04410 | शकूरबस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं. गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं. नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., सीतामढी एवं शिशो हाल्ट |
| 04148 | नई दिल्ली | 09:45 | प्रयागराज | 20:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल एवं फतेहपुर |
| **दिनांक 27.10.2025 (सोमवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं हरदोई |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुल्तानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बंदेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया | 00:30 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कोसी कलां, मथुरा जं., आगरा कैंट, धौलपुर, ग्वालियर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जं., अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जं., डभौरा एवं शंकरगढ़ |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सीएम योगी ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

■ उद्घाटन और सुरक्षा तैयारियों को लेकर दिए निर्देश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (छप्स्) और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान, सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए ठोस और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। एयरपोर्ट से जुड़ी सड़क और मेट्रो लिंक परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने नागरिक उड्डयन, सुरक्षा, विस्फोटक निरोधक दस्ता, नियंत्रण इकाई, उप स्टेशन और आधारभूत संरचना से संबंधित अद्यतन जानक.ारी दी। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के संचालन से जुड़े सभी तकनीकी, सुरक्षा एवं प्रशासनिक पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओओ किरण जैन ने एनआईए अनुज्ञा निर्गमन, यात्री सुरक्षा, रनवे, वायुसंचालन परीक्षण और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ और चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी।

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यानः** मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे से सड़क संपर्क, माल परिवहन संपर्क, अग्निशमन केंद्र, जल शोधन संयंत्र, जलभराव निस्तारण एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। नायल के सीईओ राकेश कुमार सिंह और नोडल अफसर शैलेन्द्र भाटिया ने प्रगति और कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि हवाई अड्डे के सभी कार्यों की प्रगति नियमित रूप से समीक्षा कर गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**जनसभा स्थल तक सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था हो दुरुस्तः** मुख्यमंत्री ने आगामी जनसभा एवं रैली की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभा स्थल पर भूमि समतलीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा, पेयजल, शौचालय और अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जनसभा स्थल तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता एवं प्रकाश की व्यवस्था उच्च स्तर की सुनिश्चित की जाए।

**150 उड़ानें प्रतिदिन हो सकेंगी संचालितः** जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण कराए जाने वाले हिस्से का क्षेत्रफल 3,300 एकड़ है, जबकि कुल 6,700 एकड़ भूमि का अब तक अधिग्रहण किया जा चुका है शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन माह में ली जाएगी। भूमि क्रय की लागत लगभग 5,000 करोड़ और एयरपोर्ट निर्माण की लागत 7,000 करोड़ है। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी। साथ ही, औसतन प्रतिदिन 150 उड़ानें यहां से संचालित होंगी। भविष्य में यात्रियों की संख्या 1 करोड़ से अधिक होने पर दूसरे रनवे का निर्माण शुरू हो जाएगा और दोनों रनवे मिलकर 7 करोड़ यात्रियों की सेवा करेंगे। जेवर एयरपोर्ट के पूर्ण स्वरूप में कुल 5 रनवे होंगे, इसका कुल क्षेत्रफल 11,750 एकड़ होगा और यह प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा।

**उत्तर प्रदेश में 24 एयरपोर्ट्स, 16 संचालितः** उत्तर प्रदेश में कुल 24 एयरपोर्ट्स हैं, जिनमें से 16 संचालित हो चुके हैं। वहीं जेवर एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है और अब इसका जल्द ही शुभारंभ होने वाला है। वहीं, 7 एयरपोर्ट्स निर्माणाधीन हैं। संचा.लित एयरपोर्ट्स में घरेलू स्तर पर आगरा, त्रिशूल (बरेली), गोरखपुर, हिंडन (गाजियाबाद), प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट और सहारनपुर शामिल हैं, जबकि अंत.रराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ होते ही उत्तर प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का इकलौता राज्य बन जाएगा। निर्माणाधीन एयरपोर्ट्स की बात करें तो सोनभद्र, ललितपुर, मेरठ, गाजीपुर, झांसी, अमेठी और पलिया में भी इस पर तेजी से कार्य चल रहा है जो भविष्य में प्रदेश के वायु संपर्क और पर्यटन को और मजबूत करेंगे।

**योगी सरकार में सिविल एविएशन की तीव्र प्रगतिः** उत्तर प्रदेश अब सिविल एविएशन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो रहा है। वर्ष 2024-25 में करीब 1.5 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की, जिसमें 1.3 करोड़ घरेलू यात्री तो वहीं 13 लाख से ज्यादा इंटरनेशनल यात्री शामिल रहे। 2017 से 2025 के बीच यात्री संख्या में 10.1 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरुआत से लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। वहीं, बेहतर एयर कनेक्टिविटी से प्रदेश में पर्यटन को भी नया आयाम मिला है, विशेषकर अयोध्या और वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों पर पर्यटक संख्या में 30% की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश में 50 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जिनमें 20% हवाई मार्ग से पहुंचे। वहीं, एयर कार्गो सेवाओं के चलते वाराणसी और आगरा जैसे शहरों से निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जेवर एयरपोर्ट से एनसीआर-यूपी बेल्ट में औद्योगिक विकास और रियल एस्टेट मूल्यों में 20-30% की वृद्धि दर्ज की गई है। कुल मिलाकर, एविएशन सेक्टर अब राज्य की ळक्च में 2-3% तक योगदान दे रहा है, जबकि 2017 से पहले यह आंकड़ा 1% से भी कम था। उड़ान योजना से छोटे शहरों जैसे अलीगढ़ और आजमगढ़ में व्यापार को बढ़ावा मिला है। आने वाले वर्षों में, 24 संचालित एयरपोर्ट्स के साथ उत्तर प्रदेश देश के कुल 3-3.5 अरब यात्री ट्रैफिक में 10-15% हिस्सेदारी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है।

## 40 हजार वर्गमीटर जमीन का होगा ई-ऑक्शन

■ 85 प्रतिशत एनएमआरसी और 15 प्रतिशत डीएमआरसी को हिस्सा मिलेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-94 में स्थित एनएमआरसी के भूखंड की ई-नीलामी की तैयारी शुरू हो गई है। यहां पर करीब 40 हजार वर्ग मीटर भूखंड है। इस भूखंड की ई-नीलामी से प्राप्त आय में से 85 प्रतिशत हिस्सा एनएमआरसी व 15 प्रतिशत हिस्सा डीएमआरसी- का होगा। सेक्टर-94 ओखला पक्षी विहार मेट्रो स्टेशन के पास यह भूखंड है।

कई साल पहले यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन-डीएमआरसी को दिया था। यहां पहले बड़ा स्टेशन बनना था लेकिन डिजाइन में बदलाव के चलते स्टेशन के पास डीएमआरसी की जगह खाली रह गई। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण ने इसके बदले दूसरी जगह भूखंड डीएमआरसी को दे दिया। यह भूखंड, पुराने भूखंड के मुकाबले डीएमआरसी को 15 प्रतिशत कम मिला। ऐसे में इस खाली भूखंड में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी डीएमआरसी की बनी हुई है। इस बीच यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण ने एनएमआरसी को दे दिया था। इस भूखंड को देने का मकसद, इससे प्राप्त आय से खर्चा निकालना था। अभी भी एनएमआरसी के अंतर्गत नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो घाटे में चल रही है।

**एजेंसियों से मांगे जाएंगे आवे.दनः** अब इस भूखंड की ई-नीलामी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ई-नीलामी की प्रक्रिया नोएडा प्राधिकरण के स्तर से की जा रही है। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि भूखंड को बेचने के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एजेंसियों से जल्द आवेदन मांगे जाएंगे। इस नीलामी से प्राप्त आय को एनएमआरसी की विभिन्न परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि साल 2020-21 में कोविड के दौरान यह योजना निकाली थी लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।

## 60 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरा.पी के कब्जे से 60 पेटी (कुल 2880 पव्वे) अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए बताई जा रही है।

इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल एक छोटा कंटेनर वाहन भी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई 24 अक्टूबर 2025 को की गई, जब पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के माध्यम से पता चला कि एक व्यक्ति दिल्ली से शराब लाकर नोएडा क्षेत्र में तस्करी के लिए पहुंचने वाला है। सूचना पर थाना फेस-1 पुलिस और आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से सेक्टर-14ए पुल के नीचे चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध कंटेनर को रोका गया। जांच करने पर उसमें से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजकुमार पुत्र नत्थी लाल, निवासी खजूरी खास, थाना खजूरी खास, दिल्ली (उम्र 42 वर्ष) के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह दिल्ली से सस्ते दामों पर शराब खरीदकर अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेचता है। तस्करी के लिए वह अपने कंटेनर का इस्तेमाल करता है ताकि पुलिस और आबकारी विभाग की निगाहों से बच सके।

अभियुक्त के खिलाफ थाना फेस-1 नोएडा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बरामद शराब दिल्ली प्रदेश में बिक्री के लिए अनुमन्य थी, लेकिन अभियुक्त इसे अवैध रूप से नोएडा क्षेत्र में लाकर बेचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शराब की अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए जिलेभर में नियमित चेकिंग और गश्त अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले त्योहारों को देखते हुए नोएडा पुलिस और आबकारी विभाग ने टीमों को सतर्क किया है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध शराब की आपूर्ति को रोका जा सके।

## एक नजर

### ताऊ-भतीजा हत्याकांड में छह दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव में ताऊ-भतीजे की गोली मारकर हत्या करने के मामले में 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस फरार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, दिल्ली सहित अन्य ठिकानों पर दबिश दी है। बतादें कि सैंथली गांव में दिवाली से एक दिन पहले नाली के पानी के विवाद को लेकर सीआईएसएफ से सेवा.निवृत्त दारोगा अजय पाल (55) व उनके भतीजे प्रिंस भाटी (21) से कहासुनी हो गई थी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मामला शांत करवा दिया था। मगर दिवाली के दिन का सूरज नहीं देखने की धमकी भी अजय पाल व उनके परिवार को दी गई थी। दिवाली के दिन सुबह अजय पाल व उनके भतीजे दीपांशु की गांव के ही प्रिंस भाटी ने बदमाशों के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि दो अन्य पैरों में गोली लगने से घायल हो गए थे। मृतक के भाई ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में नामजद कराई है। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था। पुलिस आयुक्त ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मामले में पुलिस की ओर से अब तक सिर्फ कार के साथ बदमाश निखिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस की ओर से फरार बदमाश प्रिंस भाटी, बॉबी तोमर, मनोज नागर के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**घटना के बाद से आरोपियों के मोबाइल बंदः** पुलिस को जांच में पता चला है कि घटना के बाद से आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से मोबाइल बंद कर दिया है। आरोपी किसी सुरक्षित ठिकाने पर छिपे हैं। इस कारण उन्हें ढूंढने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद से परिजन और ग्रामीण डरे हुए हैं। एसीपी ग्रेटर नोएडा अजीत कुमार का कहना है कि गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, सिकंदराबाद, ग्रेटर नोएडा समेत एक दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश दी गई है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है।

### अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोप से दो बरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अदालत ने अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोप से कासना निवासी भूपेंद्र उर्फ कुनाल और भगत उर्फ कालू को बरी कर दिया। अदालत ने फैसले में कहा कि आरोप झूठे और गढ़े हुए थे। मेडिकल और डीएनए रिपोर्ट से यह सिद्ध नहीं हुआ कि बच्चा आरोपियों का है। मामला कासना थाना क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 जून 2021 को उनकी नाबालिग बेटी किराने का सामान खरीदने के लिए दुकान पर गई थी। आरोप था कि भूपेंद्र उर्फ कुनाल और भगत उर्फ कालू ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश किया और अपहरण करने के बाद सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही घटना की वीडियो बनाई और लगातार ब्लैकमेल करते हुए यौन शोषण करते रहे। पीड़िता ने शर्म और समाज के डर से किसी को नहीं बताया लेकिन जब वह गर्भवती हुई तो घटना की जानकारी हुई। मामले में केस दर्ज होने के बाद आईपीसी की धारा-328 (हानिकारक पदार्थ देकर नुकसान पहुंचाना), 365 (गलत तरीके से बंधक बनाने), 376 डी (सामूहिक दुष्कर्म), 504 (जानबूझकर अपमान), 506 (आपराधिक धमकी), पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट की धारा के तहत आरोप तय किए गए थे।

## औद्योगिक संपत्ति हड़पने के आरोप में केस दर्ज

**नोएडा।** फर्जी दस्तावेजों और धोखाधड़ी से करोड़ों की औद्योगिक संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। नोएडा निवासी कारोबारी अरुण आनंद की शिकायत पर कोर्ट के आदेश पर कासना कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

अरुण आनंद ने बताया कि उनकी कंपनी पीकेडी इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड पैकेजिंग बॉक्स निर्माण का काम करती है। पीड़ित ने कंपनी बेचने की इच्छा व्यक्त की थी। जिसके बाद प्रॉपर्टी डीलर योगेश शर्मा, उसके सहयोगी अंकुर और पवन भाटी ने कथित रूप से साजिश रचकर पंकज अग्रवाल को ग्राहक के रूप में सामने लाया। पंकज अग्रवाल ने जनवरी 2023 में 20 लाख रुपये का बयाना देकर 3.24 करोड़ रुपये में कंपनी खरीदने का एग्रीमेंट टू सेल कराया था लेकिन तय समय में शेष धनराशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके बजाय आरोपी पीड़ित के कार्यालय में आने-जाने लगे और उसके अनुपस्थित रहने पर कंपनी के कागजात उठाने लगे। जब अरुण आनंद ने एग्रीमेंट रद्द करने की बात कही तो योगेश शर्मा व उसके साथियों ने धमकी दी कि वे कंपनी छीन लेंगे और परिवार को जान से मार देंगे। बाद में पता चला कि कंपनी के पूर्व निदेशक अरुण राय ने खुद को फर्म का प्रोपराइटर बताकर फर्जी मुहर और पैड तैयार कर कंपनी की संपत्ति को सोनिया गुप्ता और सरिता सिंघल के नाम ट्रांसफर कराने का प्रयास किया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## नहाय-खाय से शुरू हुआ छठ पर्व, नोएडा में बने 52 घाट और यहां होगा सबसे बड़ा आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बिहार, पूर्वांचल और देश के अन्य हिस्सों की तरह नोएडा में भी श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। शहर के अलग-अलग सेक्टरों में कुल 52 छठ घाट तैयार किए गए हैं, जहां श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देंगे।

नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21 में सबसे बड़ा आयोजन किया जा रहा है, जहां हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा करने पहुंचते हैं। प्रशासन और स्थानीय समितियों की ओर से घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। रंग-बिरंगी झालरों, लाइटों और फूलों से पूरा माहौल भक्तिमय बन गया है।

छठ पर्व को देखते हुए नोएडा पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि अर्घ्य वाले दिन दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी. इसके अलावा सादे वर्दी में भी पुलिस बल मौजूद रहेगा ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके.उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष टीम बनाई गई है और ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी। नोएडा प्रशासन का दावा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, रोशनी और चिकित्सा सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई है।

## छात्रा-छात्राओं को गांजा सप्लाई करने वाले आठ बदमाश गैंगस्टर में निरुद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विश्वविद्यालय,स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शिलांग/ मेघालय से कोरियर से कीमती गांजा मंगवाकर सप्लाई करने वाले गैंग के आठ बदमाशों को थाना ईकोटेक- 3 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत निरुद्ध किया है।

पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना ईकोटेक -3 के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने शनिवार को एक सूचना के आधार पर शिवम यादव पुत्र बबलू यादव निवासी गाजियाबाद, सारांश श्रीवास्तव पुत्र रंजन कुमार श्रीवास्तव निवासी जनपद गाजियाबाद, अमन पाल पुत्र संजय पाल निवासी जनपद मैनपुरी, आशीष कुमार झा पुत्र बासुकीनाथ झा निवासी छीजर्सी कॉलोनी नोएडा, कृष्ण राणा पुत्र छुट्टन सिंह राणा निवासी जनपद हाथरस, संजीव गुप्ता पुत्र कमल प्रसाद गुप्ता निवासी जनपद सिवान बिहार, विशाल कुमार पुत्र मणिलाल शाह निवासी मेघालय तथा विशाल सेन पुत्र विमल सेन निवासी मेघालय को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। उन्होंने बताया कि इनको पूर्व में थाना ईकोटेक-तीन पुलिस ने जुलाई माह मे गिरफ्तार किया था, तथा लाखों रुपए कीमत के 41 किलो 330 ग्राम कीमती गांजा बरामद किया था। उन्होंने बताया कि ये लोग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थ सप्लाई करते हैं। उन्होंने बताया कि इनके इस कृत्य के चलते युवा पीढ़ी नशे की लत की शिकार हो रही है। इनका समाज में इतना भय और आतंक है कि इनके खिलाफ जनता का कोई व्यक्ति गवाही देने को तैयार नहीं है।

## रिटायर्ड फौजी की हत्या में आरोपी भतीजा गिरफ्तार

■ पटाखा फोड़ने के विवाद में की थी हत्या पुलिस ने भेजा जेल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक रिटायर्ड फौजी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी भतीजे सुभाष को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आरोप है कि उसने पटाखा फोड़ने का विरोध करने पर अपने चाचा सतपाल चौधरी पर ईंट से हमला किया और उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

यह घटना 20 अक्टूबर की रात मुतैना गांव में हुई थी। 62 वर्षीय सतपाल चौधरी अपने घर के पास खड़े थे, तभी उनके भतीजे सुभाष और अन्य लोग दिवाली के अवसर पर पटाखे फोड़ रहे थे। सतपाल चौधरी ने इसका विरोध किया, जिसके बाद कहासुनी हो गई।

विवाद बढ़ने पर सुभाष अपने भाई कुलदीप, पत्नी बबली और भांजे अंकित के साथ लाठी-डंडे लेकर सतपाल चौधरी के घर पहुंचा और ईंट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल सतपाल चौधरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अमित की शिकायत पर पुलिस ने सुभाष समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपी भतीजे सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई ईंट बरामद हुई है। पुलिस ने कहा कि अन्य फरार आरो.पियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एफएनजी एक्सप्रेस-वे की सफाई के लिए खर्च होंगे 23 करोड़

**नोएडा।** फरीदाबाद-नोएडा-गुरुग्राम (एफएनजी) एक्सप्रेसवे की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्राधिकरण ने एक बार फिर प्रयास तेज कर दिए हैं। अधूरी पड़ी इस परियोजना के पांच किलोमीटर हिस्से की सफाई के लिए तीसरी बार टेंडर जारी किया गया है. एजेंसियों से आवेदन 3 नवंबर तक मांगे गए हैं। यह टेंडर जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किया गया है।

इससे पहले दो बार जारी किए गए टेंडर में कोई भी एजेंसी आगे नहीं आई थी। रखरखाव के अभाव में एक्सप्रेसवे की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। टूटी सड़कों और जमा कचरे के कारण आवागमन में दिक्कत बढ़ी हैं। एफएनजी से सेवन एक्स समेत कई सेक्टर जुड़े हुए हैं, जिससे इसकी स्थिति शहर की स्वच्छता और यातायात दोनों को प्रभावित कर रही है। नए टेंडर के तहत चयनित एजेंसी को 5 वर्ष के लिए अनुबंधित किया जाएगा। सफाई कार्य के लिए प्राधिकरण स्वयं मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें उपलब्ध कराएगा। एजेंसी को इसके बदले 23.07 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा. प्राधिकरण का मानना है कि इस बार प्रक्रिया सफल होने पर एक्सप्रेसवे पर साफ सफाई नजर आएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जंधेड़ी गोशाला में गोवंशों की दुर्दशा पर फूटा ग्रामीणों का आक्रोश, हंगामा-प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव जंधेड़ी की गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। मंगलपुर व जंधेड़ी के ग्रामीणों ने गौशाला में पहुंचकर प्रशासन व ग्राम प्रधान पर लापरवाही व गोवंशों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा-प्रदर्शन किया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया।

शनिवार को मंगलपुर व जंधेड़ी के ग्रामीण बनारसी दास, पालेराम, सुरेश प्रधान, पाल कश्यप, राम. निवास, देवचंद, पप्पन कश्यप, महीपाल, नितिन, रविन्द्र, अंजू प्रधान, सतपाल, सावन, विपिन, तेजपाल, रामकुमार, रामरती देवी, रणभीरी, राहुल, जोगिंदर आदि गांव के बाहर स्थित गौशाला में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रशासन व ग्राम प्रधान की लापरवाही व अनदेखी के चलते गोवंश बदहाली का शिकार हो रहे है। गोवंशों को वक्त पर चारा-पानी नही मिल रहा है, जिसके चलते वह भूख से बिर्ला. बलाकर दम तोड़ रहे है। आरोप है कि बीमार गोवंशों के लिए उपचार व दवाइयों की कोई व्यवस्था नही है, जिस कारण वह असमय मौत के मुंह में समा रहे है। चौकीदार की अनुपस्थिति में बीमार गोवंश को कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे है, जिसकी वीडियो भी ग्रामीणों के द्वारा बनाई गई है। आरोप है कि विगत शुक्रवार को एक गोवंश बीमार हो गया था, लेकिन समय पर इलाज नही मिलने पर उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीण गोवंशों की बदहाली के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग कर रहे थे। मामले की सूचना पर हलका दारोगा यशपाल सिंह सोम मौके पर पहुंचे तथा हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। ग्रामीण एसडीएम को मौके पर बुलाने की बात कर रहे थे। हालांकि बाद में ग्रामीण ग्राम प्रधान आरिफ चौधरी द्वारा गौशाला में व्यवस्थाओं में सुधार करने के आश्वासन पर अपने घरों को लौट गए।

### गौशाला से गोवंशों के गायब होने के भी लगते रहे हैं आरोप

जंधेड़ी गांव की गौशाला पहले भी चर्चाओं में रही है। यहां गोवंशों की दुर्दशा के आरोप पूर्व में भी लगते रहे है। इसी वर्ष हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर जबरदस्त हंगामा-प्रदर्शन किया था। उन्होंने ज्ञापन-पत्र सौंपकर गौशाला से गोवंशों के गायब होने के आरोप लगाए थे। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से गोवंशों की देखभाल व अन्य व्यवस्थाओं में भी सुधार कराए जाने की मांग की थी। बाद में 09 जून 2025 को तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात डीएम अरविंद चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने मातहतों के साथ में जंधेड़ी गौशाला का निरीक्षण किया था। उन्होंने व्यवस्थाओं को परखने के पश्चात इन्हें दुरुस्त करने को कहा था। हालांकि डीएम के निर्देशों पर कोई खास अमल नही किया गया, जिसका परिणाम शनिवार को ग्रामीणों के हंगामा-प्रदर्शन के रूप में देखने को मिला।

### ग्रामीणों के हंगामे के बाद डीएम-एसपी ने किया गौशाला का निरीक्षण

शनिवार को गांव मंगलपुर व जंधेड़ी के ग्रामीणों के गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा पर किए गए हंगामे के पश्चात डीएम शामली अरविंद चौहान व एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने मौके पर उपस्थित एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को ग्रामीणों के आरोपो की जांच कराकर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने गौशाला के केयरटेकर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा है। साथ ही, एसडीएम से ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी व भूमिका की रिपोर्ट देने हेतु निर्देशित किया है।

वहीं, एसडीएम कैराना का कहना है कि गौशाला के केयरटेकर के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इसके अलावा, ग्राम प्रधान की जवाबदेहिता व जिम्मेदारी की भी जांच की जा रही है।

# फर्जी श्रम अधिकारी बनकर ठगी करने वाला युवक पुलिस ने पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन कस्बे में खुद को श्रम विभाग का अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करने वाले एक युवक को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने उसके एक साथी को भी हिरासत में लिया है।

आरोपी सरकारी योजनाओं का झांसा देकर लोगों से पैसे ऐंठ रहा था। जानकारी के अनुसार, पकड़े गए युवक की पहचान रविंद्र उपाध्याय के रूप में हुई है। वह खुद को श्रम विभाग प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष बताकर कस्बे में घूम रहा था। रविंद्र लोगों से सोलर प्लांट लगवाने, पेंशन बनवाने और बिजली के मीटर उतरवाने जैसी सरकारी योजनाओं के नाम पर प्रति व्यक्ति 200 रूपए लेकर फर्जी कार्ड बना रहा था।

स्थानीय लोगों को जब रविंद्र की गतिविधियों पर शक हुआ, तो उन्होंने मौके पर हंगामा करते हुए थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने खुद को लोकदल पार्टी से संबंधित बागपत जिले का श्रम विभाग प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष और हरियाणा निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में एंटी करप्शन संस्था के कार्ड और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है, जिस पर श्रम प्रकोष्ठ विभाग लिखा हुआ था।

कस्बे के लोग अब आरोपी के खिलाफ सामूहिक रूप से प्रार्थना पत्र देने की तैयारी कर रहे हैं।

थाना पुलिस के अनुसार, अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी सरकारी योजना या लाभ के नाम पर पैसे मांगने वाले व्यक्तियों से सतर्क रहें और ऐसे मामलों की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

## एक नजर

### स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम भैंसानी इस्लामपुर निवासी तीन लोग बाइक पर सवार होकर थानाभवन से अपने गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में मसावी और भैंसानी के बीच एक स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों की पहचान जीसान पुत्र जाकिर (22 वर्ष), एहसान पुत्र इंसार (27 वर्ष) और महोसिना पत्नी जाकिर (30 वर्ष) निवासी ग्राम भैंसानी इस्लामपुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और सूचना पर थाना भवन पुलिस भी मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जीसान और महोसिना को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय शामली रेफर कर दिया।स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूल बस तेज रफ्तार में थी और चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को साइड से टक्कर मारी।

### समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं। तीन मामलों का हुआ मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अर्चना शर्मा, क्षेत्राधिकारी जितेंद्र यादव तथा थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र रावत ने जनता की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से तीन मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि दो मामलों पर जांच के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता और पारदर्शिता के आधार पर किया जाए।समाधान दिवस में राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### अपर दोआब शुगर मिल का शुभारंभ 3 नवंबर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली की तीनों शुगर मिलों का पेराई सत्र 2025-26 नवंबर महीने में शुरू हो जाएगा। शामली शुगर मिल ने जहां किसानों का समस्त भुगतान कर दिया है वही थानाभवन व ऊन शुगर मिल पर अभी भी बकाया है। शामली शुगर मिल के प्रबंधन के अनुसार आगामी 3 नवंबर से पेराई सत्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होने बताया कि क्रय केन्द्रों का प्रथम इंडेन्ट 30 अक्टूबर को जारी किया जाएगा, जबकि क्रय केन्द्रों पर गन्ने की तौल एक नवम्बर से प्रारम्भ होगी। इसी प्रकार मिल गेट का प्रथम इंडेन्ट भी एक नवम्बर को ही जारी किया जाएगा। चीनी मिल के इकाई प्रमुख संजय शर्मा एवं गन्ना महाप्रबंधक सतीश बालियान ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मिल का गन्ना पेराई लक्ष्य 105 लाख क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि पर्ची जारी होने से पहले अपने आपूर्ति मोड एवं आपूर्ति स्थल को गन्ना समिति में निर्धारित कर लें। मिल प्रबंधन ने क्षेत्र के सभी किसानों से चीनी मिल के सुचारू संचालन के लिए साफ, स्वच्छ एवं ताजा गन्ना आपूर्ति करने की अपील की है, ताकि मिल का संचालन निर्बाध एवं सफलतापूर्वक किया जा सके।

### वाल्मीकि बारात घर पर अवैध कब्जे का आरोप

**शामली।** राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के अध्यक्ष अरविंद झंझोट के नेतृत्व में नंदू प्रसाद वाल्मीकि, अरुण झंझोट, मुकेश वाल्मीकि, अनिल वाल्मीकि, सिलेक चंद ने एसडीएम सदर अर्चना शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने मोहल्ला पंसारियान वाल्मिकी कॉलोनी में वाल्मीकि बारात घर को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। उन्होने बताया कि बारात घर को दबंगो कब्जा रखा है, जिसको तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए। उन्होने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।

### उप्र वि.प. के मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों के लिए नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम-31 (3) के अनुसरण में, मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने दिनांक 30.9.2025 के अपने नोटिस के द्वारा उपर्युक्त उल्लिखित सम्बन्धित शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत होने के पात्र सभी व्यक्तियों से यह अपेक्षा की थी कि वे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के साथ संलग्न प्ररूप में प्रका. शित और (1) दैनिक जागरण और (2) हिन्दुस्तान समाचार पत्रों के दिनांक 30.9.2025 के संस्करण में उक्त नोटिस की दूसरी अनुसूची में पुनर्प्रकाशित फार्म-19 में अपना आवेदन दिनांक 6.11.2025 तक या उससे पहले उनके कार्यालय में भेज दें या उन्हें सुपुर्द कर दें। उपर्युक्त सभी व्यक्ति फार्म-19 में अपने आवेदन दिनांक 6.11.2025 तक या उससे पहले जमा करवां दें, यदि उन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, शिक्षकों व बालिकाओं ने गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिका नीलम रानी ने बालिकाओं को गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन के विषय में अवगत कराते हुए कहा कि वें निष्पक्ष पत्रकार, निर्भीक समाजसेवी और महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अपनी लेखनी से भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान दिया वे सर्व धर्म समभाव को भारत की आत्मा मानते थे हमें भी अपने हृदय में उनके सामान साहस और सच्ची देशभक्ति रखनी चाहिए। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिकाओं को गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, सुरभि रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, कपिल कुमार, उपासना रानी, वंदना रानी, मोनिका रानी, दिव्या रानी, आकांक्षा, साक्षी आदि मौजूद रहे।

# गन्ना मूल्य घोषित करने को लेकर की नारेबाजी

## मिल का कार्य शुरू होने से पूर्व गन्ने का उचित मूल्य घोषित हो




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के दर्जनों पदाधिकारियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रदेश सरकार से शुगर मिले प्रारंभ होने से पूर्व गन्ना का मूल्य घोषित करने की मांग की।

शनिवार को जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामली कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होने प्रदेश सरकार होश में आओ, गन्ने के दाम बढ़ाआ आदि नारों के साथ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए राज्य सरकार से गन्ना मूल्य में वृद्धि की मांग की। सपा प्रवक्ता प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश के लगभग 50 लाख गन्ना किसान आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने बताया कि बीते आठ वर्षों में महंगाई भत्ते में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य मात्र 13।85 प्रतिशत ही बढ़ाया है। कहा कि पिछले आठ वर्षों में गन्ने से बनने वाले उत्पादों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जिसमें चीनी के मूल्य में 27 प्रतिशत, इथेनाल के मूल्य में 64 प्रतिशत, और को-जनरेशन से मिलने वाली बिजली की दरों में 20-22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लेकिन किसानों के गन्ने का मूल्य केवल 13।85 प्रतिशत ही बढ़ाया गया, जो अत्यंत अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने कम रिकवरी के बावजूद पिछले आठ वर्षों में गन्ना मूल्य में 31।75 प्रतिशत की वृद्धि की है, जबकि पंजाब सरकार ने पिछले तीन वर्षों में 61 रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि शामली जिला प्रदेश का सबसे अधिक गन्ना उत्पादन करने वाला क्षेत्र है, फिर भी किसानों को उनके बकाया भुगतान समय पर नहीं मिल रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री स्वयं समय पर भुगतान का आश्वासन दे चुके हैं। इस अवसर पर अनुज जावला, सत्यपाल कश्यप, राव तफरूज, जावेद जंग, बिट्टू ताना, तासीन मंसूरी, मांगेराम प्रधान सिल. ावर, योगेन्द्र चौधरी, विनीत पिंडौरा, शकील राणा, मुन्त्याज सभासद, योगराज पंवार, लहरी सिंह, अनिल कोरी, भूपेन्द्र सैनी, नीरज पहलवान, मास्टर मुस्तफा, देवेन्द्र वालिया, मुश्ताक सिक्का, साजिद, सावन, गोपाल कश्यप, सजेन्द्र करौड़ी आदि मौजूद रहे।

### रिक्शा चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा अत्यधिक गति में था और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि रिक्शा चालक नाबालिग था, जो बिना किसी ड्राइविंग प्रशिक्षण के वाहन चला रहा था।

# शहीद कांस्टेबल के माता-पिता ने डीजीपी को भेजा प्रार्थना पत्र



**शामली।** उत्तर प्रदेश पुलिस के शहीद कांस्टेबल स्व. सौरभ कुमार के माता-पिता ने डीजीपी उत्तर प्रदेश को प्रार्थना पत्र भेजकर सरकारी सहायता और न्याय की मांग की है। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि शहीद के परिवार को अब तक पूर्ण सरकारी सहायता नहीं मिली है और प्रशासन ने उनके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया है। क्षेत्र के गांव बधेव कन्नूखेडा निवासी पिता उत्तम कुमार व माता मुकेश देवी ने बताया कि स्व। सौरभ कुमार कांस्टेबल थाना फेज-3, नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर में तैनात थे। 25 मई 2025 को वे बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान कर्तव्यपालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। बताया कि घटना के बाद न तो पुलिस विभाग और न ही प्रशासन की ओर से उन्हें कोई तत्काल सहायता मिली। उन्होंने कई बार गौतमबुद्ध नगर पुलिस कार्यालय के अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी।उनका कहना है कि बाद में जब वे पुलिस कमिश्नर से मिले, तो उन्हें यह आश्वासन दिया गया कि सरकारी सहायता राशि शहीद की पत्नी और माता-पिता में समान रूप से बांटी जाएगी, परंतु वास्तविकता में ऐसा नहीं हुआ। उन्हें कुल सहायता राशि में से मात्र 10 लाख रूपए ही मिले, जबकि शहीद की पत्नी को 1 करोड़ 24 लाख रूपए की राशि दे दी गई, जो उनके अनुसार नियमों के विपरीत और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में भी केवल शहीद की पत्नी को बुलाकर सम्मानित किया गया, जबकि उनको नजरअंदाज किया गया।

# स्काउट गाइड शिविर का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सहारनपुर रोड स्थित मेपल्स एकेडमी में दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शिविर में कक्षा तीन से 12वीं तक के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व, क्षमतावर्धन एवं स्वावलंबन के गुण सिखाए गए। स्काउट गाइड प्रशिक्षक अंकित चौधरी ने विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया और जीवन में आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुक. ेश शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा अपनाने का आ]वान करते हुए कहा कि इन सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना ही सच्ची शिक्षा है। उप प्रधानाचार्या मौसमी दास ने शिविर में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना की। शिविर के समापन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। टीम प्रतियोगिता में टीम स्टेट बिहार ने प्रथम स्थान, टीम स्टेट पंजाब ने द्वितीय स्थान तथा टीम स्टेट पश्चिम बंगाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तम परिधान के लिए यशवी को प्रथम, रॉबिन, नरोत्तम एवं वेदिका को द्वितीय, तथा निखिल, नीतिक्षा एवं आर्यन धीमान को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

# नकारात्मक भावों के जीवन से दूर रहें: मुनि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर मुनिराज ने कहा कि धर्म के मार्ग पर वास्तविक प्रगति के लिए बाहरी अनुष्ठानों या क्रियाओं से अधिक विशुद्धि, अर्थात मन की पवित्रता और नकारात्मक भावनाओं का अभाव का महत्व है। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर सांसा. रिक मोह और विशुद्धि की कमी के कारण सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान को विलंबित या टाल देते हैं।

मुनिराज ने एक प्रसंग के माध्यम से समझाया कि एक साधु जब एक युवा व्यक्ति को धर्म की दो बातें बताने आता है, तो युवा प्रारंभ में प्रसन्न होता है, लेकिन धर्म शब्द सुनते ही असहज हो जाता है। वह पाप और पुण्य की चर्चा को आसान मानता है, पर धर्म को अपनाने में टालमटोल करता है। साधु निरंतर उसे समझाने आता है, पर एक दिन उससे पहले ही युवा की मृत्यु हो जाती है। साधु उसके अंतिम संस्कार में पहुंचकर कहता है कि वह मृत व्यक्ति को नहीं, बल्कि उन जीवित लोगों को उपदेश दे रहा है जो शव को ले जा रहे हैं ताकि वे उसकी गलती से सीख सकें कि जीवन में धर्म को टालना कितना नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि मृत व्यक्ति की लेटे हुए अवस्था केवल शरीर की निश्चेष्टता है, जबकि दिगंबर साधु की बैठी हुई अवस्था आत्मज्ञान की जागरूकता का प्रतीक है। मुनिराज ने कहा कि सच्चा धर्म जागरूकता के साथ जीवन जीना है, न कि केवल बाहरी पूजा-पाठ या अनुष्ठान करना। इस अवसर पर अनीता जैन, सुमित्रा जैन, प्रीति जैन, शांति देवी जैन, सरला जैन, अरुण जैन, राजीव जैन, रितु जैन आदि मौजूद रहे।

### एनएच-709बी पर गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा, मरम्मत की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** आलम नगर पंचायत की अध्यक्ष रीना पवार ने परिवहन मंत्री भारत सरकार को लिखे पत्र में अवगत कराया की एलम से लोनी व एलम से शामली तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709बी तथा एलम टाउन बाईपास पर जगह-जगह बड़े ग्ढे हो जाने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि टोल टैक्स वसूले जाने के बावजूद मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है। नागरिकों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से अनुरोध किया है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजमार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि हादसों पर रोक लग सके और यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने लिखा राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रबंधक को पत्र

**कांधला।** एलम नगर पंचायत की अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एनएच-709 बी के प्रबंधक को पत्र लिखकर एलम बाईपास पर पथ प्रकाश व्यवस्था एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष ने विभाग को पत्र भी भेजा है। कस्बा एलम नगर पंचायत की अध्यक्ष रीना पवार ने अपने पत्र में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-709 बी कस्बा एलम के आबादी क्षेत्र के निकट से होकर गुजरता है। राजमार्ग के दोनों ओर एलम लिंक मार्ग जुड़ा हुआ है, साथ ही ग्राम नाला को जाने वाला रास्ता भी बाईपास से होकर गुजरता है। बाईपास के आसपास कई आवासीय भवन स्थित हैं, जहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से बाईपास पर सड़क प्रकाश (स्ट्रीट लाइटें) लगवाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही जलभराव की समस्या को देखते हुए, ग्राम नाला मार्ग से बाईपास तक पूर्वी दिशा में जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कराना भी जरूरी है। अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधन से अनुरोध किया है कि इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए एलम बाईपास पर प्रकाश व्यवस्था तथा जल निकासी हेतु नाले के निर्माण की कार्रवाई शीघ्र कराई जाए।

# मुठभेड़ के दौरान गोतस्कर पैर में गोली लगने से घायल, एक फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस एवं गोतस्करों के बीच जंगल में हुई मुठभेड़ में एक गोतस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए खेतों के रास्तें फरार हो गया। पुलिस ने घायल आरोपी के कब्जे से एक छोटा हाथी और गोकशी के उपकरण सहित तमंचा बरामद किया।



कोतवाली पुलिस देर शाम देव. बंद-बरला मार्ग पर वाहनों की चौकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक छोटे हाथी वाहन को रोकने का ईशारा दिया तो वह गांव थीथकी के जंगल की ओर भाग पड़ा। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर एक ट्यूबवैल के निकट पुलिस और गोतस्करो में मुठभेड हो गई। जिसमे एक गोतस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए खेतो के रास्ते फरार हो गया। घायल गोतस्कर की पहचान मुजफ्फरनगर जनपद के गांव बरला छपार निवासी इंतखाब उर्फ काला के रुप में हुई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी पहले भी गोवध अधिनियम के अंतर्गत फरार चल रहा था। आरोपी के कब्जे से एक छोटा हाथी वाहन, एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस सहित एक खोखा बरामद किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह जंगल से बेसहारा पशुओं को पकड़ जंगल में लेजाकर गोकशी कर उनका मांस बैच देते हैं।

# बाइकों के आपस में टकराने से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अस्पताल में भर्ती रोगी को देखकर वापस लौटते समय पीछे से आई बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मारदी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल को रहागिरो ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

कासिमपुरा मार्ग पर बाइक की टक्कर से साइकिल सवार फतेहपुर गांव निवासी अरविंद कुमार घायल हो गया। जिसे लोगों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। अरविंद के मुताबिक वह शाम के समय जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज में एवं अस्पताल में भर्ती एक मरीज को देखकर लौट रहा था। रेलवे अंडरपास के समीप पीछे से आए बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस का कहना है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभातफेरी का फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साहिब श्री गुरू नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को तीसरी प्रभातफेरी निक. ाली गई।


प्रात: काल प्रभातफेरी गुरूद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, संत नगर कालोनी होते हुए ब्रह्मपुरी कालोनी स्थित हरजीत बतरा व जितेश बतरा के निवास पर पहुंची, जहां परिवार ने फूलों की वर्षा कर प्रभातफेरी का स्वागत किया। भाई गुरदयाल सिंह, चंद्रदीप सिंह, चन्नी बेदी, जितेश बतरा, सिमरनजीत सिंह,पपिंद्र कौर, भोली मनचंदा, रोजी बेदी, हरप्रीत कौर ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। गुरबाणी कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से हरजीत बतरा को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सेठ कुलदीप कुमार, सतीश गिरधर, गुरजोत सेठी, सचिन छाबड़ा, हर्ष भारती, ईश्वर उपाध्याय, वेद प्रकाश अरोड़ा, हर्षप्रीत मनचंदा, अमृत सिंह, बलदीप सिंह, राजपाल सिंह, अमन सिंह, प्रिंस कपूर, संदीप सिंह, मोहित मल्होत्रा, युवराज अरोड़ा, अनमोल उप्पल आदि मौजूद



# मौलाना मुफ्ती याद इलाही कासमी का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तंजीम अबना-ए-दारुल उलूम के अध्यक्ष व आलिम मौलाना मुफ्ती याद इलाही कासमी का हृदयगति रूक जाने से इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की जैसे ही खबर मिली उनके शुभचिंतको व इस्लामी क्षेत्रो में शोक की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते उनको खिराज-ए-अकीदत पेश करने वालो का तांतां लग गया।



तंजीम अबना-ए-दारुल उलूम के अध्यक्ष मेरठ निवासी मौलाना मुफ्ती याद इलाही कासमी का मौहल्ला दीवान स्थित आवास पर सुबह फजर की नमाज के बाद अचानक उनका हृदय गति रुकने से इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर जैसे ही इस्लामिक हल्कों में पहुंची उनके शुभचिंतकों व इस्लामिक क्षेत्रो में शोक की लहर दौड़ गई। बाद नमाज-ए-जोहर दारुल उलूम की आहत-ए-मोलसरी में दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने उनकी नमाज-ए-जनाजा अदा कराई। इसके बाद उनके परिजन शव को मेरठ ले गए। जहां पर नमाज-ए-इशा के बाद दूसरी नमाज-ए-जनाजा अदा करने के उपरांत उनके आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किये गए। नमाज-ए-जनाजा में दारुल उलूम के नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी, दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी, मौलाना हुसैन मदनी, उत्तराखंड के पूर्व राज्यमंत्री मौलाना मसूद मदनी, मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती तारिक कासमी, मौलाना मुस्तुफा कासमी, पूर्व विधायक माविया अली,कांग्रेस के प्रदेश सचिव राहत खलील, सपा नेता हैदर अली, हाजी

**मुफ्ती याद इलाही के इंतकाल की खबर से इस्लामिक क्षेत्रो व शुभचिंतको में शोक की लहर**

रिहान उल हक, मुस्तुफा गौड, यासिर तैयब, इस्राईल गौड, आसिफ खान, रमजानी कुरैशी, सभासद हारिस सय्यद, आमिर उस्मानी, कारी रिहान, अजीम सिद्दीकी, अहमद कुरैशी, जुनैद काजमी, फैसल थानवी, अहमद सिद्दीकी, फैसल मेहंदी, दिलशाद कासमी, माज नबी, पत्रकार तौसीफ कुरैशी, अशरफ उस्मानी, मोईन सिद्दीकी, नौशाद उस्मानी, समीर चौधरी, फहीम उस्मानी, मुशर्रफ उस्मानी, मौलाना शफीक आदि शामिल रहे।

# पालिका प्रशासन से मार्ग ठीक कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी रिहान अहमद कुरैशी ने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को पत्र लिखकर मोहल्ला खानकाह से होकर गुजर रहे देवबंद-गंगोह बाइपास को ठीक कराने की मांग की है। कुरैशी ने कहा कि कहूनी मस्जिद और मौलाना अरशद मदनी के आवास के बाहर मार्ग का काफी हिस्सा टूट गया है, जिसमें गहरे गड्ढ़े बन गए हैं और उनमें गंदा पानी भरा हुआ है। जिस कारण दुकानदारों के साथ ही यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनहित में मार्ग को ठीक कराने की मांग की है।

# छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का दिलाया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को जागरूक करते हुए नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संकल्प दिलाया गया।



राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि समाज में तभी वास्तविक प्रगति संभव है जब हमारी बालिकाएं सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी। इस दौरान विवेकानंद सांस्कृतिक क्लब के सदस्यों ने नारी सम्मान, आत्मरक्षा एवं लैंगिक समानता पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अध्यापकों ने बालिका सुरक्षा की जानकारी देते हुए समाज में महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के अन्याय, भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने तथा सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण बनाने का संकल्प दिलाया। संचालन डा. प्रशांत कुमार ने किया। इस दौरान डा. सचिन कुमार समेत कालेज स्टाफ एवं विद्यार्थी शामिल रहे।

# खाले में मिले शव की शिनाख्त अभिषेक के रुप में हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राज्जुपुर-दूधली मार्ग पर खाले में मिला शव की शिनाख्त जनपद मुजफ्फरनगर के संधावली गांव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक के रुप में हुई है। मामले में देवबंद कोतवाली पहुंचे परिजनों ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

बता दें, कि 23 अक्तूबर को राज्जुपुर दूधली मार्ग स्थित खाले में ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा था, पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसे मोर्चरी भिजवा दिया था। शनिवार को जनपद मुजफ्फरनगर थाना मंसूरपुर के गांव संधावली निवासी नरेश कुछ लोगों के साथ देवबंद कोतवाली

**■ मृतक के परिजनो ने पुलिस से घटना की जांच कर कार्रवाई की मांग की**

पहुंचे और शव की शिनाख्त बेटे अभिषेक के रुप में की। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने बताया कि अभिषेक 23 अक्तूबर को घर से निकला था, जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि वह यहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत के पीछे क्या कारण है इसकी जांच की जा रही है। हालांकि यह हत्या है या हादसा अभी पुलिस इस बारे में कुछ भी नहीं कह रही है।

# जमीयत कार्यकारी परिषद ने दस सदस्य कमेटी का किया गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद (मौलाना महमूद मदनी गुट) की कार्यकारी परिषद की आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के उपरांत मार्गदर्शन, परामर्श एवं व्यावहारिक सहायता प्रदान करने के लिए सर्वसम्मति से दस सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। साथ ही मौलाना हुसैन अहमद मदनी को संगठन का प्रदेश सचिव बनाया गया।

कासिमपुरा मार्ग स्थित एक कॉलेज में आयोजित बैठक में धार्मिक शिक्षा बोर्ड, जमीयत यूथ क्लब, जन विकास सेवा, समाज सुधार और व्यायामशाला विभाग आदि के मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें पदाधिकारियों ने समाज सुधार एवं धार्मिक शिक्षा बोर्ड की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, समाज सुधार के लिए जिला समिति का गठन किए जाने, जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों की पहचान कर इमामों के नंबर प्राप्त करके एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, नशा विरोधी अभियान को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, शरीया पंचायत की एक सक्रिय व्यवस्था स्थापित करने के सुझाव दिए। इसके साथ ही उन्होंने धार्मिक शिक्षा बोर्ड के तहत सहारनपुर जनपद में कम से कम दस शैक्षिक एवं सुधार कार्यक्रम आयोजित करने और 20 नवंबर को सरसावा में बैठक किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों पर चर्चा के

**मौलाना हुसैन अहमद मदनी को संगठन का मनोनीत किया गया प्रदेश सचिव**

उपरांत जमीयत के विभिन्न क्षेत्रों में सहायता करने के लिए दस सदस्यीय कमेटी का गठन किया। इसमें उलमा, मस्जिद के इमाम, धार्मिक शिक्षक और जमीयत के सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मौलाना गुलफाम ने की। इस मौके पर मौलाना आरिफ, मौलाना इरफान, मौलाना अब्दुल खालिक, सूफी इस्लाम, मौलाना मुफ्ती असजद आदि मौजूद रहे।

# दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**धामपुर।** ग्राम मौजमपुर जैतरा में शराब पीने से मना करने पर दो युवकों ने एक व्यक्ति पर चाकू और सरिए से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सुरेश कुमार पुत्र हजारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना 19 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे रविद. ास धर्मशाला के पास की है। सुरेश कुमार खेत में बैठे थे, तभी गांव के ही दो युवक वहां पहुंचे और शराब पीने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर दोनों भड़क गए और चाकू से सुरेश के दाहिने हाथ पर वार किया, जिससे गहरा घाव हो गया। इसके बाद सरिए से बाईं आंख और नाक पर भी प्रहार किया गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# भाजपा नेता आदेश त्यागी का बुखार के चलते निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपा किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं उत्तर रेलवे बोर्ड के सदस्य आदेश त्यागी का बुखार के चलते निधन हो गया। परिजनों की माने तो तीन दिन पूर्व डेंगू बुखार के चलते उन्हें दिल्ली स्थित अस्ताल में भर्ती कराया था।

गांव साधारणपुर निवासी आदेश त्यागी बीते कुछ दिनों से बुखार से पीडित थे। जिसके चलते उन्हें दिल्ली स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से उनके गांव साधारणपुर स्थित आवास पर लाया जा रहा है। स्व. अजय त्यागी के करीबी मित्र ठा. अजय सिंह रावत ने बताया कि दो दिन पूर्व उन्हें बुखार के चलते दिल्ली में भर्ती कराया गया था। बताया कि अजय त्यागी डेंगू बुखार से पीडित थे और उनकी प्लेटेटस लगातार कम हो रही थी। जिसके चलते शनिवार दोपहर उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना पर गांव में मातम पसर गया।

भाजपा की पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने उनकी मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के प्रति समर्पित अजय त्यागी अपने सरल स्वभाव के चलते ही अपनी पहचान बनाए हुए थे। उनके निधन पर अन्य भाजपा नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया।

# घरेलू हिंसा व दहेज उन्मूलन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5.0 के अंतर्गत विकास खंड थानाभवन के ग्राम गुराना में शनिवार को घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के दिशा-निर्देशन में प्रतिभागियों को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि घरेलू हिंसा करना एक दण्डनीय अपराध है, और पीड़ित महिला अधिनियम की धारा 12 के तहत माननीय न्यायालय से राहत प्राप्त कर सकती है। घरेलू हिंसा की शिकायत स्थानीय पुलिस थाना, जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली या टोल फ्री नंबर 112 एवं 181 महिला हेल्पलाइन पर की जा सकती है।कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और कानूनी आर्थिक सहायता योजना की जानक. ारी दी गई। साथ ही वन स्टॉप सेंटर पर उपलब्ध सुविधाओं और सरकारी हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 102 व 108 स्वास्थ्य सेवा, 1930 साइबर क्राइम एवं 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से अजरा खान, हब फॉर इम्पावरमेंट से सदफ अली खान, आंगनवाड़ी कार्यकत्री महमुना चौहान, पंचायत सहायिका सुनीता, मौजूद रहे।

# दीपावली पर झगड़े में घायल युवक की मौत



**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव खानपुर जाटान मे दीपावली पर मामूली कहा. सुनी को लेकर हुए विवाद में घायल हुए एक पक्ष से रवि की मौत हो गई। दीपावली पर विवाद में घायल होने पर उपचार के बाद घर आया था रवि, जिसमें चार लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

गांव खानपुर जाटान मे कहासुनी के बाद हुई मारपीट में राहुल पुत्र ईश्वर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरे चचेरे भाई रवि उम्र 25 वर्ष पुत्र चरणसिंह के साथ गांव के ही जोगिंदर, सोनू, मंगल, दीपक ने दीपावली पर धारदार हथियार से हमला किया था। जिसमें रवि गम्भीर रूप से घायल हो गया था, जिसको उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उपचार के बाद घर लाया गया, लेकिन शनिवार को रवि की तबीयत अचानक खराब हो गई जिसको गांव में चिकित्सक के पास उपचार हेतु लाया गया जहां पर रवि को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। रवि की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया मामले दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली थी जिसमें राहुल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हैं। शनिवार को रवि की तबीयत बिगड़ी तो गांव में चिकित्सक के पास ले गए थे जहां उसकी मौत हो गई शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मृतक अविवाहित तथा तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का था तथा दिहाड़ी मजदूरी करता था।

# रोड़वेज बस स्टेशन पर बदहाल पड़े शौचालय को ठीक कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** निरन्तर तत्पर सामा. जिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कैराना से रोड़वेज बस स्टेशन के बदहाल पड़े शौचालय को दुरुस्त कराने अथवा पुनर्निर्माण की मांग की है। शनिवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता संगठन अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को संबोधित एक प्रार्थना-पत्र उनके स्टेनो को सौंपा। बताया कि कस्बे के कांधला तिराहे पर स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर बना शौचालय लंबे समय से बदहाल अवस्था में है। शौचालय को ठीक कराने के सम्बन्ध में पूर्व में भी कई बार प्रार्थना-पत्र दिए जा चुके है, लेकिन उनपर कोई संज्ञान नही लिया गया। पत्र में खराब पड़े शौचालय को दुरुस्त कराने अथवा महिला, पुरुष व दिव्यांगजन के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जाने की मांग की गई है। इस दौरान जौहर अली, माज चौधरी, रिहान, सलमान राही मौजूद रहे।



# छठ पूजा के मद्देनजर यमुना पर पहुंचे डीएम-एसपी, परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** छठ पूजा के मद्देनजर डीएम-एसपी ने यमुना नदी पर पहुंचकर स्थानीय प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के स्नान एवं सुरक्षा हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मातहतों को मुस्तैदी व पूर्ण निष्ठां के साथ में अपनी कर्तव्य का निर्वहन करने के निर्देश दिए है। शनिवार को डीएम शामली अरविंद चौहान व एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह यमुना नदी पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने शनिवार को शुरू हुए चार दिवसीय छठ पर्व अनुष्ठान के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का गहनता से जायजा लिया। डीएम-एसपी ने यमुना नदी पर स्थित घाटों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेटिंग, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने हेतु ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ में समन्वय स्थापित करते हुए निर्बाध एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार सम्पन्न कराने हेतु प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, नायब तहसीलदार सतीश यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, यमुना ब्रिज चौकी एसआई अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



# बाइपास मार्ग निर्माण की मांग को लेकर हुई पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव किवाना में ग्रामीणों ने बायपास मार्ग निर्माण की मांग को पंचायत का आयोजन किया। ग्रामीणों ने समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए समस्या के समाधान कराए जाने की मांग की। गांव किवाना में भारी यातायात और दुर्घटनाओं की बढ़ती समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने शनिवार को एक बड़ी पंचायत बुलाई। पंचायत में शामली-लॉक संपर्क मार्ग से जोड़ने वाले किवाना बाईपास के निर्माण की जोरदार मांग उठी। ग्रामीणों ने पंचायत में बताया कि किवाना गांव लगभग 50 आसपास के गांवों का प्रमुख संपर्क केंद्र है।

यहां ईंट-भठों की व्यस्त मंडी होने से रोजाना सैकड़ों भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे सड़क पर जाम और खतरा आम हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग के दोनों ओर 10-12 फीट गहरी खाइयां बनी हुई हैं, जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। विशेष रूप से कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को सड़क पार करने में जान का खतरा बना रहता है। पंचायत में सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर सड़क के चौड़ीकरण के साथ बाईपास निर्माण की मांग दोहराई। एक ग्रामीण ने कहा कि यह समस्या वर्षों पुरानी है। बिना बाईपास के गांव का विकास रुक गया है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा इस संबंध में पुरजोर तरीके से आवाज उठाई गई। समय बीतने के साथ भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया।

ग्रामीणों ने पत्र में स्पष्ट किया है कि बाईपास न बनने से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि छात्राओं और बुजुर्गों की सुरक्षा भी खतरे में है। जिला प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। पंचायत में ग्राम प्रधान सुधीर मलिक, सौरभ चौधरी, गौरव मलिक, बिजेंद्र मलिक, डॉ विनोद मलिक, बृजपाल मलिक, सुधीर प्रधान ,गुलाब मलिक पंकज प्रधान,सहित प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम RANJEET से बदलकर RANJEET SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

RANJEET SINGH
S/O MAMRAJ
R/O 534 VILLAGE & POST
RANKHANDI DEOBAND
(SAHARANPUR)

# रोहित शर्मा की सेंचुरी, कोहली के रिकॉर्ड से जीता भारत



**● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया, हर्षित को 4 विकेट सीरीज में 2-1 से हारे**

**सिडनी, वार्ता।** हर्षित राणा (चार विकेट) के बाद रोहित शर्मा (नाबाद 121) व कोहली (नाबाद74) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया।

237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने शुभमन गिल को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। रोहित ने 33वें ओवर की आखिरी एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया।

यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित का नौवां शतक है। उन्होंने अपना शतक पूरा करने के लिए 105 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली और दूसरे विकेट के लिए 168 रनों अविजित साझेदारी कर भारत को 38-3 ओवर में 237 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। रोहित शर्मा 124 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद121) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने 81 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद74) रन बनाये। विराट ने नेथन एलिस की गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों यह श्रृंखला 3-1 से जीती ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर एकमात्र कामयाब गेंदबाज हेजलवुड रहे। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरे ट्रैविस हेड और कप्तान मिचेल शर्मा की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहमम्द सिराज ने ट्रैविस हेड 25 गेंदों में (29) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मैथ्यू शॉर्ट ने मिचल मार्श के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान अक्षर पटेल ने 16वें ओवर में मिचेल मार्श (41) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। मैथ्यू शॉर्ट (30) को 23वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। एलेक्स(24), मिचेल ओवेन (एक) को हर्षित राणा ने आउट किया। मैट रेनशॉ ने 58 गेंदों का सामना किया और अपनी 56 रनों की पारी में दो चौके लगाये। उन्हें भी 37वें ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया। मिचेल स्टार्क (दो) को कुलदीप तथा नेथन (16) को प्रसिद्ध ने आउट किया। हर्षित ने 47वें ओवर की दूसरी गेंद पर कूपर (23) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर हेजलवुड (शून्य) को आउटकर किया।

## जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**लंदन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन बाएं हिस्से में अकड़न के कारण रविवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि काइल को आज (शनिवार) गेंदबाजी करने के बाद अपनी बांयी ओर थोड़ी अकड़न महसूस हुई और हम गर्मियों के इस स्टेज पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे। हमें लगा कि उसके लिए इस वनडे सीरीज से बाहर रहना और खुद को वेस्टइंडीज टूर के लिए तैयार करने का सबसे अच्छा मौका देना बेहतर होगा।

## रोहित वनडे में 100 कैच लेने वाले क्लब में शामिल

**● तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान रोहित ने यह उपलब्धि हासिल की**

**सिडनी, वार्ता।** रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 100 से ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गए हैं, जिससे एक क्षेत्ररक्षक के रूप में उनकी कुशलता का पता चलता है। उन्होंने आज सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

भारत के शीर्ष क्षेत्ररक्षकों की सूची में विराट कोहली (163), मोहम्मद अजहरुद्दीन (156), सचिन तेंदुलकर (140), राहुल द्रविड़ (124) और सुरेश रैना (102) भी शामिल हैं। रोहित का प्रभाव मैच में पूरी तरह से दिखा, जहां उन्होंने दो महत्वपूर्ण कैच लपके। 37.4वें ओवर में, हर्षित राणा ने मिशेल ओवेन को एक तेज लेंथ की गेंद फेंकी, जो पीछे हटकर गेंद को किनारे से पहली स्लिप में ले गए। रोहित ने कैच को आसानी से पकड़ लिया, जिससे राणा को तीन ओवर में अपना दूसरा विकेट मिला। बाद में, 43.5वें ओवर में, प्रसिद्ध कृष्णा ने नाथन एलिस को धीमी यॉर्कर गेंद फेंकी, लेकिन वह लो फुल-टॉस में बदल गई। एलिस ने स्लॉग करने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और रोहित ने मिड-विकेट पर एक आसान कैच लपका।

### रोहित शर्मा ने जड़ा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक

**सिडनी, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सभी आलोचनाओ को विराम देते हुए शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना नौंवा शतक जड़ा। यह उनके एकदिवसीय करियर का 33वां शतक है। यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में रोहित शर्मा ने 21वें ओवर की चौथी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। ये उनका इस सीरीज में लगातार दूसरा अर्द्धशतक था। इससे पहले एडिलेड में भी उन्होंने 73 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों की खबरा लेते हुए अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर का पचासवां शतक पूरा किया। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में 12, एकदिवसीय में 33 और टी-20 में पांच शतक बनाये है। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में यह कारनामा करने अकेले बल्लेबाज है। उन्होंने 105 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों की मदद से 100 रन बनाये। उन्होंने एडम जम्पा की गेंद पर एक रन लेकर अपने एकदिवसीय करियर का 33वां शतक पूरा किया।

## नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है: रोहित शर्मा

**● प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को मैच विजयी नाबाद शतकीय पारी खेले वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए रोहित ने कहा कि यहां आकर खेलना हमेशा अच्छा लगता है।

2008 की यादें अब भी ताजा हैं। पता नहीं हम दोबारा ऑस्ट्रेलिया आएंगे या नहीं। हम क्रिकेट का आनंद उठाते हैं, चाहे हमें कितनी भी उपलब्धियां क्यों न मिलें। हमने पर्थ में नए सिरे से शुरुआत की थी। मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं। पिछले 15-17 साल को भूल कर एक नई शुरुआत करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि आप ऑस्ट्रेलिया में मुश्किल परिस्थितियों की उम्मीद करते हैं। आपको कुछ बेहतरीन गेंदबाजो का सामना करना पड़ता है। चीजो को समझते हुए, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होता है। मैं लंबे समय से खेल से दूर था लेकिन मैंने तैयारी काफी अच्छी तरह से की। इससे थोड़ा आत्मविश्वास आया है। हम सीरीज जीत नहीं सके, फिर भी कई सकारात्मक चीजे हैं। युवा टीम है, उनके लिए बहुत कुछ सीखने को होगा। जब मैं टीम में आया था, मुझे याद है कि सीनियर्स ने कैसे हमारी मदद की थी, अब यह हमारा काम है कि हम भी वैसा ही करें।

## एशियन यूथ गेम्स में ओशिन व एडविना ने जीते रजत पदक

**● ओशिन अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मी.का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही**

**बहरीन, वार्ता।** भारत की ओशिन ने (डिस्कस थ्रो) और एडविना जेसन (400 मीटर) ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में रजत पदक जीते। बहरीन नेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को खेलते हुए ओशिन ने अपने पहले ही प्रयास में 43.38 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रही और चीन की शिनई वांग ने 55.38 मीटर की थ्रो के साथ डिस्कस थ्रो का स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे की युन-झेन शिह ने नौ एथलीटों के बीच 43-00 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। ओशिन ने पूरी सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, अपने छह थ्रो में से पांच में 40 मीटर का मार्क पार किया। वांग ने 50 मीटर से ज्यादा के लगातार प्रयासों से इस स्पर्धा पर दबदबा बनाए रखा। एशियन यूथ रिकॉर्ड 60.50 मीटर है, जो चीन की लियांग यान के नाम है। इस बीच एडविना जेसन ने बाद में दिन में लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में 55.43 सेकंड के समय साथ रजत पदक जीता। अमेरिका की आयशा तारिक ने 54.26 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीनी ताइपे की चिया-यिंग वू ने 56.60 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। भारत की तन्नू 58.49 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पहले दिन में, पलाश मंडल ने लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 24:48.92 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। चीन के हाओजे झांग ने 21:43:82 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और उनके हमवतन युजी लू ने 22:28:64 के समय के साथ रजत पदक जीता। भारत के नितिन गुप्ता के नाम लड़कों की 5000 मीटर वॉक में 19:24:48 का एशियन यूथ रिकॉर्ड है, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था। लाइट्स में लड़कों की हाई जंप में, भारत के जुबिन गोहेन ने 2.03 मी. क्लियर करके कांस्य पदक जीता, वह चीनी ताइपे के काई-लुन से ठीक पीछे रहे।

**खेल विशेष**

## भारत विश्व कप ग्रुप चरण में जीत से अभियान समाप्त करने को तैयार

**नवी मुंबई, वार्ता।** आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय महिला टीम कल डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में बांग्लादेश महिला टीम से भिड़ेगी। यह आखिरी लीग मैच है, लेकिन इस दिन के लिए शांत रहने की उम्मीद न करें। पिछली हार से आहत मेजबान टीम अब लय में लौट आई है और ग्रुप चरण का अंत शानदार तरीके से करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष किया है।

छह मैचों में से केवल एक जीत के साथ वह तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। जज्बा? हां। निरंतरता? बिल्कुल नहीं। वे कोशिश करेंगे, संघर्ष करेंगे, लेकिन इतिहास उनके पक्ष में नहीं है क्योंकि भारत ने उन्हें वनडे में आठ में से सात बार हराया है। स्मृति मंधाना, प्रतीका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर भारत की बल्लेबाजी की रीढ़ रही हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने एक अनुशासित और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। बांग्लादेश की नजरें सोभना मोस्तरी, शर्मिन अख्तर, निगार सुल्ताना और राबेया खान पर होंगी जो कोई सरप्राइज देंगी, लेकिन संभावनाएं प्रबल हैं। डीवाई पाटिल की पिच स्ट्रोक्स खेलने के लिए अनुकूल है।

यहां बल्लेबाजी काफी अच्छी हो सकती है, हालांकि बीच के ओवरों में स्पिनरों का बोलबाला रहेगा। लेकिन बारिश के कारण इस मैच पर खतरा मंडरा रहा है, कल दोपहर भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है, कोई भी रुकावट टीमों को अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर सकती है। अच्छी फॉर्म में, आत्मविश्वास से भरी और स्पष्ट मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ, भारत से बांग्लादेश को आसानी से हराने की उम्मीद है। मेहमान टीम के लिए यह दिन गर्व से खेलने, एक शीर्ष टीम के खिलाफ खुद को परखने और सिर ऊंचा करके विदा लेने का होगा।

## लक्ष्य ने टॉप सीड खिलाड़ी को चौंकाया



**● अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टरफाइनल में थाइलैंड की ललिता को 11-21, 21-16 व 21-19 से हराया**

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में चल रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को नए मुकाम पर पहुंच गया, जहां पांच भारतीय शटलरों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और पदक भी पक्के किए। दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य राजेश का रहा, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड की ललिता सत्तायाथाकून को 11-21, 21-16, 21-19 से हराकर जबरदस्त वापसी की। उनकी जीत ने भारतीय दल के लिए एक शानदार ऑल-राउंड दिन का समापन किया, जो अब कई सेमीफाइनल श्रेणियों में खेल रहा है। लक्ष्य के साथ अंतिम चार में छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी पहुंच गई, जिन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में, जगशेर सिंह खंगुरा ने हांगकांग के झान शिंग युई को सीधे गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। भारत ने युगल वर्ग में भी अपनी प्रगति का जश्न मनाया, जहां जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। इससे पहले, शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना मणिमुथु ने जापान की युबुकी अजुमाया को 21-14, 21-16 से हराकर अंडर-15 बालिका एकल सेमीफाइनल में आसानी से प्रवेश किया। दोनों आयु वर्गों में पांच सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत के युवा शटलरों ने अब तक के अपने सबसे यादगार महाद्वीपीय अभियानों में से एक का प्रदर्शन किया है।

## दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने जीते पांच स्वर्ण सहित 14 पदक

**रांची, वार्ता।** दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 (सैफ) के पहले दिन भारतीय एथलीटों ने पांच स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार से शुरु हुई दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (सैफ) 2025 के पहले दिन पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल और अखिल भारतीय पुलिस चैंपियनशिप 2024 के विजेता प्रिंस कुमार ने 14:22:17 का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। श्रीलंका के वक्षण विकनराज ने (14:23:21) और नेपाल के मुकेश बहादुर पाल ने (14:25:54) समय के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में, भारत ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया जब संजना सिंह (15:38:70) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन सीमा (15:40:55) ने रजत पदक जीता, जिससे मेजबान टीम पहले-दूसरे स्थान पर रही। समरदीप सिंह गिल ने पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में 19-59 मीटर की थ्रो के साथ खिताब जीता, जबकि हमवतन रवि कुमार ने 17.95 मीटर के साथ रजत और श्रीलंका के मिथुनराज ने 14.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में योगिता ने 15.85 मीटर के थ्रो के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन शिक्षा ने 15.83 मीटर के थ्रो के साथ रजत और श्रीलंका की चंद्रशेखर ओविने ने 13.03 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। राशिद, नीरू पाठक, मोहम्मद अशफाक, ओलिम्बा और स्टेफी की भारतीय टीम ने मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा जीतकर पांचवां स्वर्ण पदक जीता। अन्य परिणामों में, श्रीलंका के योदासिंघेगे चामो ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10:30 सेकंड के समय के साथ जीती, जबकि भारत के प्रणव गौरव (10:32 सेकंड) और हर्ष राउत (10:42 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में, श्रीलंका ने दबदबा बनाया, जिसमें मोहम्मद यामिक (11:53 सेकंड) और थानुजी अमाशा (11:72 सेकंड) ने स्वर्ण और रजत और भारत की सुदेशना शिवंकर ने 11:78 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की ट्रिपल जंप में श्रीलंका की हेराथ मुदियांस ने 13:36 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की पूर्वा सावंत (13:03 मीटर) दूसरे स्थान पर रहीं।

## विश्व कुश्ती में भारतीय महिला पहलवानों ने जीते पांच कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** सर्बिया में चल रही अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं:- 55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया, इसके अलावा, दो भारतीय पहलवानों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है और कल जापानी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी: 53 किग्रा: हंसिका लांबा, 59 किग्रा: सारिका मलिक।

## लियोनेल मेसी का अर्जेंटीना फुटबॉल फ्रेंडली मैच हुआ स्थगित



**कोच्चि, वार्ता।** लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का अगले महीने केरल में होने वाला फ्रेंडली मैच स्थगित कर दिया गया है।

स्पर्धा स्पॉन्सर ने शनिवार को मैच स्थगित किये जाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना को 17 नवंबर को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच खेलना था।

अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सितम्बर में वेन्यू का निरीक्षण किया था। कोच्चि का दौरा इस साल फीफा अंतर्राष्ट्रीय सत्र के दौरान फ्रेंडली मैचों के लिए ला एल्बिसेलेस्टे की नवंबर के अस्थायी कार्यक्रम का हिस्सा था। स्पॉन्सर ने फीफा से अनुमति मिलने में देरी का हवाला देते हुए कहा कि मैच अगले अंतर्राष्ट्रीय सत्र के दौरान पुनर्निर्धारित किया जाएगा। तारीखों की घोषणा नहीं की गई।

## सिडनी वनडे में अय्यर हुए चोटिल



**सिडनी, वार्ता।** यहां तीसरे वनडे मैच में भारतीय मैदान पर तनाव और चिंता का माहौल देखने को मिला। हर्षित राणा की गेंद पर शानदार कैच लेने के लिए दौड़े श्रेयस अय्यर गेंद को पकड़कर जमीन पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोट लग गई। यह घटना 34वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जिससे एलेक्स कैरी और मैट रेनशॉ के बीच चौथे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी टूट गई। फिजियो दौड़े, टीम के साथी खिलाड़ी इकट्ठा हुए, और इसी चिंता के बीच, भारत के पूर्व वनडे कप्तान रोहित शर्मा आगे आए। उन्होंने अय्यर की हालत का जायजा लिया और उन्हें खुद बाउंड्री तक ले गए। यह एक ऐसा इशारा था जो आंकघें और विवादों से कहीं आगे जाकर बहुत कुछ कहता है। भारतीय ड्रेसिंग रूम से अभी तक अय्यर की हालत पर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है। युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी के बाद श्रेयस अय्यर भारत की चोट की नई चिंता बन गए हैं, जो एडिलेड में दूसरे वनडे में लगी बायीं कोहनी की चोट के कारण सिडनी वनडे से बाहर हो गए थे।

## भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पर एक साथ खेले जाएंगे कई मैच

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सात नवंबर 2025 को प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक ही समय कई मैचों का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। सात नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। यह किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सबसे अधिक स्वर्ण पदक हैं। उन्होंने बताया कि 1928 से 1959 का काल भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग माना जाता है। 1980 और 90 के दशक में प्रदर्शन में गिरावट के बाद 1998 से भारतीय हॉकी ने पुनरुत्थान की राह पकड़ी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीतकर गौरवशाली वापसी की, जिसे 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर दोहराया गया जब भारत ने फिर से पदक जीतकर इतिहास रचा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारत अब तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में कुल आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीत चुका है। इसके अलावा, भारत ने 1975 में विश्व कप भी जीता है तथा एशियाई खेलों में चार स्वर्ण, नौ रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी एशियाई खेलों में सात पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

# पाक ने अमेरिका को सौंप दिए थे एटमी हथियार

## खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू बोले: हमने परवेज मुशर्रफ को 'खरीद' लिया था

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जान किरियाकू ने यह दावा किया है। किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए 'खरीद' लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी। उन्होंने कहा, हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी। बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया। किरियाकू ने यह बयान न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया। किरियाकू ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं।

उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया। 2008 मुंबई हमलों पर बात करते हुए किरियाकू ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया। किरियाकू ने कहा कि भारत ने संसद और मुंबई हमलों के बाद संयम दिखाया पूर्व सीआईए अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को अमेरिकी कार्रवाई से बचाने में सऊदी अरब का अहम रोल था। सऊदी ने अमेरिका को कहा कि खान को न छेड़ा जाए, जिससे अमेरिका ने अपने प्लान को छोड़ दिया। किरियाकू ने अमेरिकी विदेश नीति पर भी सवाल उठाया और कहा कि अमेरिका लोकतंत्र का ढोंग करता है, लेकिन वास्तव में अपने स्वार्थ के अनुसार काम करता है। उन्होंने यह भी बताया कि सऊदी और अमेरिका का रिश्ता पूरी तरह लेन-देन पर आधारित है, अमेरिका तेल खरीदता है और सऊदी हथियार। किरियाकू ने कहा कि वैश्विक ताकतों का संतुलन बदल रहा है और सऊदी अरब, चीन और भारत अपनी रणनीतिक भूमिका को नया आकार दे रहे हैं। किरियाकू ने खुलासा किया है कि 9/11 आतंकी हमले का जिम्मेदार और अल कायदा का लीडर ओसामा बिन लादेन तोरा बोरा की पहाड़ियों से महिलाओं के कपड़े पहनकर भागा था। किरियाकू ने बताया कि उस समय उन्हें यह भी नहीं पता था कि सेंट्रल कमांड के कमांडर के लिए काम करने वाला ट्रांसलेटर असल में अल-कायदा का एजेंट था, जिसने अमेरिकी सेना में घुसपैठ की थी। उन्होंने कहा कि हम अफगानिस्तान पर बमबारी शुरू करने से पहले एक महीने से अधिक इंतजार कर रहे थे। अक्टूबर 2001 में हमें लगा कि हमने बिन लादेन और अल-कायदा के नेताओं को तोरा बोरा में फंसा लिया है। हम उन्हें पहाड़ी से उतरने के लिए कह रहे थे। ट्रांसलेटर ने जनरल फैंक्स को आश्वस्त किया कि उन्हें सुबह तक इंतजार करने दिया जाए ताकि महिलाएं और बच्चे सुरक्षित बाहर निकल सकें।




■ हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी
■ अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया

## अमेरिका में एंट्री-एग्जिट के समय हर बार विदेशियों की तस्वीर ली जाएगी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त इमिग्रेशन पालिसी के तहत अमेरिका में अब हर विदेशी की एंट्री और एग्जिट के समय तस्वीर ली जाएगी। यह काम नई फेस रिकग्निशन तकनीक से होगा। इसका मकसद नकली दस्तावेजों को रोकना और देश को सुरक्षित रखना है। अमेरिकी बॉर्डर सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (सीबीपी) ने बताया कि हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों और जमीन सीमाओं पर तस्वीरें और जानकारी इकट्ठा की जाएगी। सीबीपी का कहना है कि यह नया सिस्टम आतंकवाद, फर्जी दस्तावेज, वीजा से ज्यादा समय रुकने और गलत जानकारी जैसे खतरों से निपटेगा। यह नियम सभी गैर-नागरिकों पर लागू होगा, चाहे वे अवैध आप्रवासी हों या ग्रीन कार्ड होल्डर्स। यह नियम 2021 में पहली बार सुझाया गया था, लेकिन अब यह ट्रम्प सरकार की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की बड़ी योजना का हिस्सा है।



तमिलनाडु। कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में बारिश के बीच पानी से भरी सड़क के एक ऊंचे हिस्से पर इंतजार करता एक यात्री।

## हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायताकर्मियों को लिया हिरासत में

**सना।** यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों ने सात और संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों को उनके घरों से हिरासत में लिया है। हूती सूत्रों ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ का यह जानकारी दी।

सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गिरफ्तार सात संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मियों में से चार को आज रात (शुक्रवार) हिरासत में लिया गया, जबकि बाकी को कल (गुरुवार) गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले बुधवार को संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हंस ग्रंडबर्ग ने एक बयान में कहा कि हूती विद्रोहियों के हिरासत से रिहा होने के बाद 12 संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहायता कर्मियों को सना हवाई अड्डे से विमान से बाहर ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार रिहाई में ईरान और ओमान के विदेश मंत्रालयों की मध्यस्थता की थी, दोनों ही हूती समूह के साथ संबंध रखते हैं।

## वियतनाम नेशनल असेंबली ने दो नए उप प्रधानमंत्री की नियुक्ति की

**हनोई।** वियतनाम की 15वीं नेशनल असेंबली ने शनिवार को 2021-2026 के कार्यकाल के लिए गुयेन ची डुंग और माई वान चिन्ह को उप प्रधानमंत्री नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नेशनल असेंबली की 448 प्रतिनिधियों ने पक्ष में मतदान किया जो राष्ट्रीय असेंबली प्रतिनिधियों की कुल संख्या के 93.72 प्रतिशत के बराबर है।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का निधन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजमाता सिरीकित का किंग चुलालोंगकोर्न मेमोरियल अस्पताल में निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थी। शाही परिवार के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि डॉक्टरों की एक टीम सात सितम्बर, 2019 से अस्पताल में राजमाता के स्वास्थ्य की निंगरानी और उपचार कर रही थी, ने पाया कि वह कई शारीरिक प्रणालियों में कई बीमारियों और असामान्यताओं से पीड़ित थीं, जिसके लिए निरंतर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी।

### चीन में 916 साल पुराना जुनिपर का पेड़ मिला

**शीनिंग।** उत्तर-पश्चिमी चीन के किघई प्रांत में एक सर्वेक्षण के दौरान 916 साल पुराने जुनिपरस प्रेजेवाल्स्की पेड़ की पहचान की गई है। इसे आमतौर पर किलियन जुनिपर के नाम से जाना जाता है। स्थानीय वन अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। कैदम बेसिन के भीतर बैशुशान में स्थित यह पेड़ अब अपनी प्रजाति का सबसे पुराना पेड़ है। मंगोलियाई-तिब्बती स्वायत्त प्रान्त हाइक्सी के डेलिग्हा शहर के वानिकी और चरागाह ब्यूरो द्वारा किए गए इस सर्वेक्षण में दो प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### फ्रांस 2026 में यूक्रेन में तैनात कर सकता है सेना

**पेरिस।** फ्रांस के सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल ने कहा है कि सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो फ्रांस 2026 में यूक्रेन में अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है। फ्रांसीसी न्यूज चैनल बीएफएमटीवी ने शिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि यूक्रेन का समर्थन करना आवश्यक हुआ तो हम सुरक्षा गारंटी के तहत अपनी सेना तैनात कर सकते हैं। वर्ष 2026 गठबंधन सेनाओं द्वारा चिह्नित होगा।

### श्रीलंका में नशीली दवाओं पर कार्रवाई में दो लाख लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पुलिस मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के विरुद्ध देशव्यापी अभियान चला रही है जिसके तहत एक जनवरी से 22 अक्टूबर के बीच इससे संबंधित अपराधों के लिए 190000 से जयादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रम्प के सीक्रेट दोस्त ने यूएस आर्मी की सैलरी दी

■ 1100 करोड़ डोनेशन दिया शटडाउन की वजह से अमेरिकी सरकार के खजाने खाली

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने बताया कि उसने सैनिकों की सैलरी के लिए 130 मिलियन डॉलर (लगभग 1100 करोड़ रुपये) का एक सीक्रेट डोनेशन स्वीकार किया है। यह डोनेशन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक अनजान 'दोस्त' ने दिया है, ताकि सरकारी शटडाउन के दौरान सैनिकों को तनख्वाह मिल सके।

हालांकि इस डोनेशन से कई सवाल खड़े हो गए हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस डोनेशन की बात बताई और दानदाता को देशभक्त कहा। उन्होंने दानदाता का नाम नहीं बताया, क्योंकि वह अपनी पहचान छुपाना चाहता है। अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन को 25 दिन हो गए हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। पेंटागन के प्रवक्ता शान पार्नेल ने कहा कि यह पैसा सैनिकों के वेतन और अन्य सुविधाओं के लिए इस्तेमाल होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स पर सैनिकों का वेतन रोकने का इल्जाम भी लगाया।

## अमेरिकी कार्रवाई में ड्रग तस्कारी में शामिल नाव डूबी, छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शुक्रवार सुबह बताया कि कैरिबियाई सागर में रात भर चली अमेरिकी सेना की कार्रवाई में ड्रग तस्करी में शामिल एक नाव डूब गई जिससे उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। सितम्बर के बाद इस दसवीं अमेरिकी कार्रवाई में मरने वालों की संख्या 40 से अधिक हो गई है। हालांकि यह किसी संदिग्ध मादक पदार्थ जहाज पर रात में किया गया पहला हमला था। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस नाव में मादक पदार्थ थे और वह नाव ऐसे मार्ग से गुजर रही थी जिसे तस्कर इस्तेमाल करते हैं। यह क्षेत्र ट्रेन डी अरागुआ के कब्जे में है जो वेनेजुएला-मूल का कार्टेल है।

## जर्मनी-यूके को छूट, भारत पर निशाना क्यों

### उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग सम्मेलन में पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया

**बर्लिन।** रूस से तेल खरीद को लेकर और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की चर्चा के बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलाग सम्मेलन में पश्चिमी देशों करारा जवाब दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जर्मनी खुद ही अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांग रहा है और ब्रिटेन को पहले ही मिल चुका है, तो भारत को क्यों निशाना बनाया जा रहा है।

गोयल की ये बात सुनकर वहां मौजूद यूके की ट्रेड मंत्री क्रिस ब्रायंट ने कहा कि उनकी छूट केवल रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी के लिए है। ऐसे में गोयल ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पास भी तो रासनेफ्ट की एक सहायक कंपनी है, फिर हमें क्यों? उनकी बात सुनकर बैठक में नेता कुछ देर के लिए चुप रह गए। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है और किसी बाहरी दबाव में समझौता नहीं करेगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब अमेरिका और उसके सहयोगी भारत पर रूस से सस्ता तेल खरीदने को लेकर दबाव बढ़ा रहे हैं। पिछले महीने ट्रम्प प्रशासन ने भारत के कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाकर कुल टैरिफ लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। भारत ने इसे अनुचित और अन्यायपूर्ण करार दिया है। बता दें कि रूस तेल से खरीद को लेकर अमेरिका लगातार प्रतिबंधों की धमकी दे रहा है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड का मानना है कि भारत जैसे देशों पर दबाव डालने से रूस कमजोर होगा और यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर मजबूर होगा, जबकि हाल ही में यूरोपीय संघ ने तीन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए और अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रासनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए। इस दौरान पीयूष गोयल ने इस बात भी जोर दिया कि भारत हमेशा से ही अपनी स्वतंत्र व्यापार नीति पर चलता है और हमारे लिए हमारा राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि हम कभी किसी 'डेडलाइन' या 'सिर पर तनी बंदूक' के दबाव में समझौता नहीं करेंगे। गोयल ने दो टूक अंदाज में कहा कि अगर कोई टैरिफ लगाए, तो लगाए। हम नए बाजार खोज रहे हैं, घरेलू मांग मजबूत कर रहे हैं और दीर्घकालिक लचीलापन विकसित कर रहे हैं। गोयल ने भरोसा जताया कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, 1.4 अरब युवा देश की ताकत हैं, और देश किसी दबाव में आकर कमजोर या अल्पकालिक सौदे नहीं करेगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या समयसीमा में व्यापार समझौते नहीं करेगा।

■ भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है: गोयल



## रंगून से दिल्ली लाई जाएं बहादुर शाह जफर की अस्थियां: बदरे आलम

### अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सिद्धार्थनगर।** बहादुर शाह जफर की अस्थियां रंगून से दिल्ली लाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन शोहरत गढ़ तहसील के एसडीएम को सौंपा गया। बहादुर शाह जफर के 251 वीं जयंती पर तहसील शोहरत गढ़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी फाउंडेशन अध्यक्ष बदरे आलम की अगुवाई में भारी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में मांग किया गया कि 1857 के जंग-ए-आज़ादी के सर्वोच्च सम्राट बहादुर शाह ज़फर की अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव अवशेषों को सम्मान पूर्वक रंगून से लाकर दिल्ली लाया जाए और यहां उनका भव्य राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाए। लाल किला पर बहादुर शाह जफर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाये और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बहादुर शाह जफर के नाम पर किया जाये। बहादुर शाह जफर के त्याग एवं बलिदान को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए जिससे आने वाली पीढ़ियां आज़ादी में उनके द्वारा दिए गए बलिदान को स्मरण कर सकें। देश की आजादी में मुग़ल सल्तनत के आखिरी बादशाह बहादुर शाह जफर के योगदान और उनकी कुर्बानी को देश के महान नेताओं ने महसूस और स्वीकार किया है। इसका उदाहरण है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेई, डा. मनमोहन सिंह, पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज सहित म्यांमार जाने वाला हर सरकारी प्रतिनिधिमंडल महान सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर जाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं म्यांमार यात्रा के दौरान ऐसे महान सेनानी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1943 में सेनानी बहादुर शाह जफर के मजार पर पहुंच कर वहां की सरकार को पचास हजार रुपये मजार की देखभाल के लिए दान किया था और मजार स्थल से ही दिल्ली चलो का नारा भी दिया था। बदरे आलम ने 1857 के क्रांतिकारी बहादुर शाह जफर पर आधारित पुस्तक एसडीएम को भेंट की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष काजी सुहैल अहमद, कैलाश नाथ बाजपेयी, दीपक यदुवंशी, अतहर अलीम, राममिलन भारती, दीपक राजभर, श्यामलाल शर्मा, हरिराम यादव, अनिरूद्ध पाठक, मोहम्मद असलम, सनाउल्लाह, अकबर, हाफिज एजाज अहमद, सबरे आलम, तारिक शानी आदि लोग मौजूद रहे।



## पेंटागन लैटिप अमेरिका में भेज रहा है विमानवाहक पोत

**वाशिगटन।** अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में अमेरिकी सेना गेराल्ड आर-फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और एम्बार्क्ड कैरियर एयर विंग को देश के दक्षिणी कमान के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में भेज रही है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की।

पेंटागन ने कल घोषणा की थी कि अमेरिकी सेना, दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में एक विमानवाहक पोत भेज रहा है। यह उस क्षेत्र में सैन्य शक्ति में नवीनतम वृद्धि है, जहां ट्रंप प्रशासन ने हाल के दिनों में उन नौकाओं पर और भी तेजी से हमले किए हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी दक्षिणी कमान के दायित्व क्षेत्र में मेक्सिको के दक्षिण में लैटिन अमेरिका का भूभाग, मध्य और दक्षिण अमेरिका से सटे जलक्षेत्र और कैरिबियन सागर शामिल हैं। पार्नेल ने कहा कि यह तैनाती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश के अनुरूप की गई है। वह चाहते हैं कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों (टीसीओ) को खत्म करें और नार्को-आतंकवाद का मुकाबला करें। उन्होंने कहा कि ये बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और टीसीओ को कम करने तथा खत्म करने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे। स्थानीय विश्लेषक इस कदम को इस बात का संकेत मान रहे हैं कि ट्रम्प प्रशासन अपने कार्टेल-विरोधी अभियान का विस्तार करना चाहता है।

## रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार रात में 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 121 यूक्रेनी मनावरहित विमानों को आसमान में रोका और उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया।

मंत्रालय के अनुसार, ड्रोन कई क्षेत्रों में मार गिराए गए। जिसमें रोस्तोव में 20, वोल्गोग्राड में 19, ब्रांस्क में 17, कलुगा में 12, स्मोलेंस्क में 11, बेलगोरोड और मॉस्को में नौ-नौ, वोरोनिश और लेनिनग्राद में आठ-आठ, नोवगोरोड, रियाज़ान और तांबोव में दो-दो, और त्वेर और तुला में एक-एक ड्रोन को हवा में मार गिरया। इस बीच, विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिव ने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर सम्मेलन होगा, लेकिन अभी नहीं वह बाद में होगा। दिमित्रिव ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक होगी, लेकिन संभवत: बाद में। उन्होंने कहा कि बैठक रद्द होने के बजाए स्थगित होना बेहतर होता।

## वेनेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका

### सबसे बड़ा जहाजी बेड़ा भेजा, वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइलें तैनात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं।

हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे बड़े और एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यूएसै जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने सीआईए को वेनेजुएला में सीक्रेट आपरेशन्स करने की अनुमति भी दी है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके। अमेरिका के खिलाफ रूसी मिसाइलें तैनात वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मदुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी। ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। यूएएस जेराल्ड आर फोर्ड एक न्यूक्लियर-पावर्ड एडवांस्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है।



■ ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई

## एलएनए ने अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को रिहा किया

**त्रिपोली।** पूर्वी लीबिया पर नियंत्रण रखने वाली लीबियाई राष्ट्रीय सेना (एलएनए) ने सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरिया के नागरिकों को रिहा कर दिया है। एलएनए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन लोगों को 16 महीने पहले नाइजर के एक सशस्त्र समूह ने अपहृत कर लिया था। एलएनए के युद्ध सूचना प्रभाग ने अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि लीबिया-नाइजीरियाई सीमा से लगभग 180 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम लीबिया में अल-कतरुन के पास एक गैरकानूनी सशस्त्र समूह द्वारा अपहृत नाइजीरियाई नागरिकों को बचाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था।

# अहमद खान बनाम शाह बानो के किरदार में दिखेंगे इमरान व यामी



**मुंबई।** जंगली पिक्चर्स ने इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक का नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है। फिल्म हक को जंगली पिक्चर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। यामी गौतम धर और इमरान हाशमी के नए जारी किए गए किरदार पोस्टर हक की दुनिया की एक दमदार पहली झलक देते हैं। जंगली पिक्चर्स ने इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म हक का निर्माण किया है।

यह एक दमदार ड्रामा है, जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहा. सिक फैसले से प्रेरित है। फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं और इसका निर्देशन सुपर्ण एस- वर्मा ने किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर की शाह बानो बेगम को 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। इसके बाद शाह बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार जीता। सात साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद, 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया। फिल्म हक 7 नवम्बर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# सायमी ने रोमन हॉली-डे को बनाया एक यादगार मैराथन अनुभव

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेती सायमी खेर ने अपने रोमन हॉलीडे को यादगार मैराथन अनुभव बनाया और रोम 2025 मैराथन में हिस्सा लिया। अभिनेत्री और फिटनेस लवर सायमी खेर ने इस बार अपनी छुट्टियों को दो खुशियों के साथ जोड़ा, परिवार के साथ वक्त बिताना और दौड़ना।

अपनी फिटनेस और एंड्योरेंस स्पोर्ट्स के प्रति जुनून के लिए जानी जाने वाली सायमी इस बार अपने माता-पिता और बहन के साथ छुट्टियां मनाने रोम पहुंची। रोम की खूबसूरत गलियों, इतिहास और खाने का मज़ा लेते हुए उन्होंने हाफ रोम मैराथन में हिस्सा लेने का मौका भी नहीं छोड़ा। सायमी पहले भी आयरनमैन ट्रायथलॉन और कई लंबी दूरी की दौड़ों में भाग ले चुकी हैं। वह हमेशा कहती हैं कि फिटनेस उनके लिए सिर्फ एक रूटीन नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यात्रा के दौरान भी वह किसी न किसी रूप में एक्टिव रहना पसंद करती हैं और इस बार उनकी यह कोशिश उनके परिवार के साथ एक खूबसूरत याद में बदल गई। सायमी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी भी शहर को देखने का सबसे अच्छा तरीका है उसके बीचोंबीच पैदल दौड़ना-उसकी गलियों से होकर, उसकी ऊर्जा को महसूस करते हुए।

जब भी मैं किसी नए शहर में जाती हूं, कोशिश करती हूं वहां एक हाफ मैराथन दौड़ लूं। यह मेरा पसंदीदा तरीका है किसी जगह को जानने का। रोम की दौड़ अब तक की सबसे खूबसूरत रन रही। स्पेनिश स्टेप्स से लेकर ट्रेवी फाउंटेन और अंत में कॉलेजियम तक, ऐसा लग रहा था जैसे किसी पोस्टकार्ड के अंदर दौड़ रही हूं। मौसम बेहत. रीन था, हवा में ठंडक थी और हर मोड़ पर इतिहास बोल रहा था।

कई बार तो भूल गई कि मैं रेस में हूं-बस मुस्कुराते हुए दौड़ती रही और सब महसूस करती रही और 21 किलोमीटर की दौड़ के बाद वो पिज्ज़ा और जेलाटो का हर बाइट वाकई डिज़र्व करती थी। सायमी के लिए यह रोम ट्रिप सिर्फ सैर-सपाटे तक सीमित नहीं रही। यह उनके रनिग के जुनून और परिवार के साथ बिताए अनमोल पलों का संगम थी। परिवार और फिटनेस, दोनों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए, वह लगातार अपने चाहने वालों को एक एक्टिव, खुशहाल और प्रेरणादायक जीवन जीने की प्रेरणा देती रहती हैं - चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों।

# एस.एस. राजामौली की बाहुबली फिर से दिखेगी सिनेमाघरों में



**मुंबई।** जानेमाने फिल्मकार एस.एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एस. एस. राजामौली की फिल्म बाहु. बली सिनेमाघरों में लौटने को है तैयार है। फिल्म बाहुबली का ट्रेलर अब रिलीज़ हो चुका है, और देश फिर से उस खुशी में डूब गया है, जिसे सिर्फ यह फिल्म ला सकती है। दर्शक फिर से उस भव्यता और भावनाओं को महसूस कर रहे हैं, जिसने एक युग को खास बनाया था और 31 अक्टूबर को फिल्म के ग्रैंड री-रिलीज़ के लिए उत्सुकता अपने चरम पर है। यह ऐसा दिन है जब यह फिल्म देश के सिनेमाघरों में दोबारा दिखाई जाएगी। भारतीय सिनेमा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखी गई फिल्म, बाहुबली ने कहानी कहने और बॉक्स ऑफिस पर सफलता की परिभाषा ही बदल दी। इसकी फिल्मी महानता और बड़े सांस्कृतिक प्रभाव ने पैन-इंडिया फिल्मों का दौर शुरू किया, जिससे केजीएफऔर पुष्पा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए रास्ता बना। अपनी शानदार तस्वीरों और जबरदस्त कहानी के साथ, बाहुबली सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि भारतीय सिनेमा की असीम संभावनाओं का जश्न है। जहां शोले सबसे लंबी चलने वाली फिल्मों में से एक है, वही बाहुबली 2 अब भी सबसे बड़े बॉक्स ऑफिस हिट्स में से एक है और ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं जो आज भी टूटना मुश्किल हैं।



# कृति खरबंदा ने हाउसफुल 4 की सालगिरह पर जताई खुशी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने फिल्म हाउसफुल 4 की छठवीं सालगिरह पर खुशी जताई है। कृति खरबंदा ने अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 4 की छठवी सालगिरह पर यादों के सफर में एक मनमोहक यात्रा को याद करते हुए अपने सोशल मीडिया स्टोरी पर अपने सह-कलाकारों अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, बॉबी देओल, पूजा हेगड़े और कृति सेनन के साथ न सिर्फ एक पोस्ट शेयर किया है, बल्कि फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दिल से आभार भी व्यक्त किया है। कृति ने अपनी स्टोरी पर एक यादगार तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, ओएमजी। वापस आ गई एनिवर्सरी। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में दिवाली के दौरान रिलीज हुई फिल्म हाउसफुल 4 आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल कॉमिक फिल्मों में गिनी जाती है, जो विशेष रूप से अपनी पुनर्जन्म की कहानी, शानदार सेट और हंसी से भरपूर पलों के लिए दर्शकों की मोस्ट फेवरेट फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में कृति खरबंदा ने राजकुमारी मीना और नेहा के किरदार में दोहरी भूमिका निभाते हुए अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिग और आकर्षक ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस से काफी तारीफें बटोरी थी। कृति खरबंदा उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने चार्म के बल पर कम समय में ही बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई है, उनकी फिल्मों का इंतजार है।

## थामा की सफलता हमारे लिए किसी दिव्य रोशनी से कम नहीं: आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** बॉलीवुड के आयुष्मान ने अपनी हालिया रिलीज़ थामा की सफलता पर एक भावनात्मक नोट साझा किया है। फिल्म थामा लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है और अपनी रिलीज के बाद से ही दर्शकों के दिलों में जगह बना रही है। थामा के साथ आयुष्मान ने मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की ऑरिजिन स्टोरीज़ स्त्री, भेड़िया और मुंज्या में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दी है। आयुष्मान ने इंस्टाग्राम पर अपने परिवार और परेश रावल के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनके साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन लिखा, इस परिवार ने पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ देखा है।

# 31 अक्टूबर से शुरू होगा शाहरुख फिल्म फेस्टिवल



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की कुछ सुपरहिट फिल्म 31 अक्टूबर से सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। शाहरुख खान ने जब से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, तब से वह अपने चार्म, बुद्धि और प्यार से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। दो दशक से भी ज्यादा समय से उन्होंने आइकॉनिक फिल्में और यादगार किरदार दिए हैं, और आज भी वह बॉलीवुड के बादशाह बने हुए हैं। शाहरुख खान ने एक बड़ा एलान किया है कि 31 अक्टूबर से शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू होगा। शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया पर, अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल का ऐलान किया। उन्होंने लिखा है, मेरी कुछ पुरानी फिल्में दोबारा थिएटर में आ रही हैं। उनमें जो शख्स है, वो ज्यादा बदला नहीं है-बस बाल थोड़े बदल गए हैं और दिल से थोड़ा ज्यादा हैंडसम हो गया है। शाहरुख खान फिल्म फेस्टिवल शुरू हो रहा है 31 अक्टूबर से।

# द ताज स्टोरी 31 अक्टूबर को पूरे भारत में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता परेश रावल की आने वाली फिल्म द ताज स्टोरी नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

परेश रावल द्वारा अभिनीत, स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत तथा तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित द ताज स्टोरी, अपने धमाकेदार और सोचने पर मजबूर करने वाले ट्रेलर के चलते लगातार चर्चा में बनी हुई है।

इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेश्याम हैं। फिलहाल रिलीज से पहले मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें परेश रावल के हाथ में न्याय का तराजू है, जिस पर ताज महल संतुलित है। इस फिल्म का संगीत रोहित शर्मा और राहुल देव नाथ ने तैयार किया है। द ताज स्टोरी भव्य पैमाने पर 31 अक्टूबर 2025 को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है।




यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108